दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 264 | जयपुर | सोमवार, 29 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

पेरिस ओलंपिक
मनु भाकर ने भारत को दिलाया पहला ब्रॉन्ज
12 साल का इतंजार खत्म

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोल दिया है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 221.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल में मनु ने शुरू से ही तीसरा स्थान बरकरार रखा और तीसरा स्थान ही हासिल किया।

इस स्पर्धा का गोल्ड और सिल्वर दक्षिण कोरिया की दो एथलीट्स ने जीता। ओह ने जिन 243.2 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

इससे पहले मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। वह शूटिंग में भारत को ओलंपिक पदक दिलाने वाली भारत की पहली महिला एथलीट हैं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में मेडल जीता था। वहीं इससे पहले पेरिस ओलंपिक के पहले दिन शाम होते-होते भारत के लिए अच्छी खबर आई थी। एक तरफ जहां दिग्गज शूटरों ने भारत को निराश किया था तो वहीं, मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 580 अंकों के साथ वह तीसरे स्थान पर हहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97स तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किए थे।

पहली भारतीय महिला शूटर

इसके साथ ही ओलंपिक में भारत के लिए इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने गोल्ड मेडल जीता था। मनु शूटिंग ओलंपिक में भारत के लिए मेडल जीतने वाली चौथी खिलाड़ी बनीं। वहीं वह पहली भारतीय महिला बनीं, जिसने शूटिंग में ओलंपिक में मेडल जीता।

राज्यवर्धन बोले- बेटियों ने की ओलिंपिक की शुभ शुरुआत, कहा- मनु की जीत से खिलाड़ियों के हौसले बुलंद

ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी के दूसरे दिन ही पदक जितने को खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भारत के लिए शुभ संकेत बताया है। उन्होंने कहा कि आज मनु भाकर के पदक जीतने के बाद वहां मौजूद सभी खिलाड़ियों के हौसले और ज्यादा बुलंद हो गए होंगे। मेडल जीतने के बाद सभी में एक पॉजिटिविटी डेवलप हुई होगी। इसका फायदा आने वाले दिनों में नजर आएगा। राठौड़ ने कहा कि इस ओलिंपिक की शुरुआत हमारी बेटियों ने की है।

पीएम मोदी ने ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर मनु भाकर को दी बधाई, बोले- अविश्वसनीय उपलब्धि

पेरिस ओलंपिक में भारतीय शूटर मनु भाकर के ब्रॉन्ड मेडल जीतने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। पीएम मोदी ने इसे एक अविश्वसनीय उपलब्धि बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मनु भाकर को बधाई देते हुए लिखा, पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बधाई। कांस्य पदक के लिए बधाई। यह सफलता और भी खास है क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। एक अविश्वसनीय उपलब्धि। स्टार शूटर मनु भाकर ने रविवार को महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरे स्थान पर रहते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके साथ ही, पैरिस ओलंपिक में भारत का पदक का खाता खुल गया है। मनु ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज भी बन गई हैं। मनु ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 221.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय निशानेबाज जब बाहर हुईं तो दक्षिण कोरिया की येजी किम से सिर्फ 0.1 अंक पीछे थीं जिन्होंने अंततः 241.3 अंक के साथ सिल्वर मेडल जीता। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मनु को बधाई देते हुए लिखा कि गर्व का क्षण, मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत का पहला पदक, कांस्य पदक जीता। बधाई हो मनु, आपने अपना कौशल और समर्पण दिखाया है, आप ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज बन गई हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी मनु भाकर को बधाई दी। उन्होंने लिखा, भारत ने पैरिस ओलंपिक में अपना पहला ओलंपिक पदक जीता। शूटिंग में भारत का पहला ओलंपिक कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर को हार्दिक बधाई। भारत को आप पर गर्व है मनु।



श्रीलंका ने रचा इतिहास
भारत को हराकर पहली बार जीता वुमेंस एशिया कप

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच रविवार 28 जुलाई को वुमेंस एशिया कप टी20 2024 का फाइनल मुकाबला खेला गया। दांबुला में खेले गए इस खिताबी मैच को श्रीलंका ने जीता और इतिहास रचा। श्रीलंका की टीम पहली बार एशिया कप का खिताब जीतने में सफल हुई है। भारतीय टीम को मेजबान श्रीलंका ने 8 विकेट से हराया। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 165 रन बनाए और श्रीलंका ने 166 रनों का लक्ष्य 18.4 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। भारत ने कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन श्रीलंका की टीम में एक बदलाव देखने को मिला। भारतीय टीम ने 165 रन बनाए, लेकिन श्रीलंका ने दमदार इंटेंट के साथ बल्लेबाजी की और तूफानी अंदाज में 8 विकेट से जीत दर्ज की। इस तरह श्रीलंका ने अपना पहला एशिया कप खिताब जीता। अभी तक 9 बार एशिया कप महिला क्रिकेट में खेला गया है, जिसमें सात बार भारत और एक-एक बार बांग्लादेश और श्रीलंका की टीम चैंपियन बनी है। श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अट्टापट्टू और हर्षिता समरविक्रमा ने अर्धशतक जड़े।

राजस्थान के नए राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े होंगे
गुलाब चंद कटारिया को असम से पंजाब भेजा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के नए राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े होंगे। उनकी नियुक्ति कलराज मिश्र की जगह पर की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार देर रात 9 राज्यपाल नियुक्त किए। राजस्थान के वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम, गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल बनाया गया है। कटारिया इससे पहले असम के राज्यपाल थे। इनको चंडीगढ़ के प्रशासक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

किसे, कहां का राज्यपाल बनाया गया

- **हरिभाऊ किसनराव बागड़े** - राजस्थान
- **जिष्णु देव वर्मा** - तेलंगाना
- **ओम प्रकाश माथुर** - सिक्किम
- **संतोष कुमार गंगवार** - झारखंड
- **रामेन डेका** - छत्तीसगढ़
- **सीएच विजयशंकर** - मेघालय
- **सी.पी. राधाकृष्णन** - महाराष्ट्र
- **गुलाब चंद कटारिया** - पंजाब (केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासक भी नियुक्त किया गया है।)
- **लक्ष्मण प्रसाद आचार्य** - असम (मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार)

भजनलाल शर्मा ने राज्यपाल नियुक्त होने पर बागड़े को दी शुभकामनाएं

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान तथा भाजपा के नेता ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि बागड़े के सानिध्य और कुशल मार्गदर्शन में राजस्थान प्रदेश विकसित राजस्थान बनने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। उन्होंने माथुर को बधाई देते हुए कहा मुझे दृढ़ विश्वास है कि आपके कुशल मार्गदर्शन और आपके नेतृत्व में सिक्किम प्रदेश सुशासन के पथ पर अविराम बढ़ते हुए विकास के नित नवीन मानक स्थापित करेगा।

ओम माथुर की सक्रिय राजनीति से सम्मानजनक विदाई : छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जीत दिलाई थी, पार्टी ने सर्वोच्च पद पर बैठाया

36 साल की सक्रिय राजनीति के बाद राजस्थान के ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। संघ पृष्ठभूमि से जुड़े माथुर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबी नेताओं में से एक हैं। जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय माथुर गुजरात के प्रभारी बनाए गए थे। सियासी जानकारों की मानें तो ये उनकी (ओम प्रकाश माथुर) सक्रिय राजनीति से सम्मान के साथ विदाई है।

सक्रिय राजनीति के तौर पर उनका अंतिम असाइनमेंट विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी के तौर पर था। छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने बड़ी जीत दर्ज की थी। इसका श्रेय माथुर को भी जाता है।



बजट ने राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत की गई प्रतिबद्धता को पूरा किया: पुरी

बढ़ता राजस्थान

अहमदाबाद। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस आरोप से इनकार किया कि केंद्रीय बजट आंध्र प्रदेश के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि इसमें केवल कांग्रेस शासन के दौरान पारित राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत की गई प्रतिबद्धता को पूरा किया गया है। वह यहां गुजरात भाजपा द्वारा बजट पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

पुरी से विपक्ष के इस आरोप के बारे में पूछा गया था कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट से केवल बिहार और आंध्र प्रदेश को फायदा हुआ है। जो केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के प्रमुख सहयोगी- जद (यू) और तेदेपा द्वारा शासित राज्य हैं।

सीजेआई बोले-ट्रायल कोर्ट के जज जमानत देने में हिचकिचाते हैं
जिन्हें लोअर कोर्ट से बेल मिलनी चाहिए, उन्हें सुप्रीम कोर्ट आना पड़ता है

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि ट्रायल जज कई अहम आपराधिक मामलों में सिर्फ इसलिए बेल देने से हिचकिचाते हैं, क्योंकि इन मामलों को शक की नजर से देखा जा रहा है। ऐसे में हर केस की बारीकी समझने के लिए ठोस कॉमन सेंस की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को ट्रायल कोर्ट में जमानत मिलनी चाहिए, लेकिन नहीं मिलती, वे लोग मजबूरन हाईकोर्ट जाते हैं। जिन्हें हाईकोर्ट में जमानत मिलनी चाहिए, जरूरी नहीं कि उन्हें भी वहां जमानत मिल जाए, इसके चलते उन्हें सुप्रीम कोर्ट आना पड़ता है। इस प्रक्रिया के चलते उन लोगों की परेशानी बढ़ जाती है, जो मनमाने ढंग से गिरफ्तारियों का सामना कर रहे हैं। सीजेआई ने यह बात बर्कले सेंटर फॉर कम्पेरेटिव इक्वालिटी और एंटी-डिस्क्रिमिनेशन के 11वें सालाना सम्मेलन के आखिर में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कही। यह सवाल मनमानी गिरफ्तारियों पर था।



जयशंकर-ब्लिंकन ने टोक्यो में बैठक के दौरान क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की

बढ़ता राजस्थान

टोक्यो (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने टोक्यो में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''टोक्यो में आज विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात कर बहुत अच्छा लगा। हमारा द्विपक्षीय एजेंडा लगातार आगे बढ़ रहा है। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। 'क्वाड' विदेश मंत्रियों की कल होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।'' भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने नवंबर 2017 में 'क्वाड' की स्थापना की थी, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए एक नयी रणनीति विकसित की जा सके।

टोकियो के एडोगावा में विदेश मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि महात्मा गांधी का यह शाश्वत संदेश संघर्ष, ध्रुवीकरण और रक्तपात देख रही दुनिया पर आज भी लागू होता है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। जयशंकर ने यह टिप्पणी टोक्यो के एडोगावा स्थित फ्रीडम प्लाजा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करते समय की। जयशंकर 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए लाओस से दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को जापान पहुंचे। जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने कार्यक्रम के दौरान गांधी के शाश्वत संदेशों पर बात की। उन्होंने कहा, ''मैं आज यह कहना चाहता हूं कि जब हम दुनिया में इतना संघर्ष, इतना तनाव, इतना ध्रुवीकरण, इतना खून-खराबा देख रहे हैं, तो गांधी जी का यह संदेश बहुत महत्वपूर्ण है कि समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकलते और कोई भी युग, युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना 80 साल पहले था।''

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

मार्शल ट्रेनिंग सीख कर चौमू में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण दिवस पर 200 पौधे लगाए

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आज हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसायटी एवं अभिव्यक्ति वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में चौमू में 51 बच्चों को आत्म रक्षा के समापन कार्यक्रम में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र बाटे गए तथा उपहार के रूप में सभी को पौधे वितरण कर प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। 30 दिवस के सफलतापूर्वक कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथि पार्षद -उत्तम गोठवाल गायत्री परिवार- मालचंद बुनकर, वंदना वॉलिंटियर -गोपाल लाल बुनकर , राजेश कुमार वर्मा, अमित, महेंद्र ,मनोज कुमार ,राजेंद्र कुमार ,मदन लाल बुनकर और पूरे गांव के गणमान्य ने छात्राओं को बधाई देकर उनके कौशल को देखा। आत्मरक्षक कार्यक्रम में प्रशिक्षण ब्लेक बेल्ट विजेता व नेशनल बॉक्सर भारतीय सेना से सागर ने दिया । मोनिका गुप्ता सचिव हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसायटी ने आत्म रक्षा और विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के महत्व को बताते हुए मानसिक एवं शारीरिक रूप से आत्मनिर्भर होने के लिए उत्साहित किया। विकट परिस्थितियों में छात्राओं को सही समय पर सही तरीके से आत्म रक्षा के गुरों का उपयोग करना चाहिए जिससे असमाजिक तत्वों से रक्षा की जा सके। संस्था का उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि एचसीएमएस ने अब तक 2 लाख पौधे लगाए हैं और आगे भी इस दिशा में काम जारी रहेगा।संगीता गौड़ अध्यक्ष अभिव्यक्ति वेलफेयर सोसायटी ने छात्राओं को देश का भविष्य बताते हुए स्वस्थ, सजग और आत्मनिर्भर के लिए प्रेरित किया। छात्राएं अगर छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करने की बजाय आत्मविश्वास से प्रतिकार करना सीख लें तो कई समस्याओं का समाधान आसानी से हो जाएगा। हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसायटी के संस्थापक डॉ अतुल गुप्ता का सपना 1 करोड़ पेड़ लगाने का है। इस दिशा में आज का यह पौधरोपण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान के द्वारा रैली के माध्यम से समाज को प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया एवं 'वृक्षारोपण' कर पर्यावरण?को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया, परिसर में सुखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रंगार और कई उद्घोष से परिसर गूंज उठा साथ ही चौमू के सार्वजनिक पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम मे जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से सचिव महोदया ने रैली के माध्यम से समाज को प्रकृति के प्रति जागरूकता स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्कूली बच्चों संस्थान के कार्मिकों ने भाग लिया पौधे लगाए गए ।संगीता गौड़ ने कार्यक्रम सभापन की घोषणा की साथ ही सभी का आभार प्रकट किया। संस्था द्वारा लगातार ऐसे कार्यक्रम संचालित होते रहेंगे जिससे असमाजिक तत्वों का खात्मा हो और समाज में भय खत्म हो।कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम में दीपेंद्र, सीमा, राजेंद्र, अंशु, विजय, खुश्बू, हर्ष, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रोटरी क्लब अलवर शौर्य की नई कार्यकारणी का शपथग्रहण समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। रोटरी क्लब अलवर शौर्य की नई कार्यकारणी का शपथग्रहण समोरह शनिवार को होटल अलवर रॉयल्स में आयोजित किया गया । ग्वालियर से पधारे जिला प्रांतपाल रोटेरियन राहुल श्रीवास्तव ने सत्र 2024-25 की अध्यक्ष रो सुनीता मित्तल एवं सचिव रो पारुल गुप्ता को शपथ दिलाई।पूर्व प्रांतपाल रो क्रांति मेहता ने बि ओ डी को शपथ दिलाई।क्लब में 8 नए सदस्य जोड़े गए जिनको पूर्व प्रांतपाल रो पवन खंडेलवाल ने शपथ दिलाई।इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि ए एस पी डा प्रियंका रघुवंशी ने क्लब के कार्यों को सराहा और कहा कि वह हमेशा क्लब के कार्यों में सहयोग करेंगी।उन्हें क्लब का सम्मानित सदस्य भी बनाया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर से पधारे डी एस जी रो शंकर लाहा, डी एस जी रो पवन जैन,सहायक प्रांतपाल स्वाति मित्तल,सहायक प्रांतपाल मधुर अग्रवाल,मुकेश मित्तल,अमित श्यामसुखा और शहर के अन्य क्लबों के अध्यक्ष और सचिव मोजूद रहें।

सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती बिंदु कपूर द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की गई। रोटरी क्लब अलवर शौर्य के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।मंच संचालन पायल पालावत और सुजाता अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम की संयोजक अंकुर गोयल और शिल्पा अग्रवाल थी।

त्रिमूर्ति मानसून रन : जयपुर में मानसून के मौसम में स्वास्थ्य और पर्यावरण की जागरूकता का बड़ा आयोजन

'फ्रेंडशिप विद द नेचर' थीम के साथ जयपुर में 8वें त्रिमूर्ति मानसून रन का आयोजन होगा, मेगा इवेंट से पहले श्याम नगर जोन में प्री-फिटनेस कैंप में जुटे रनर्स

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मानसून के दौरान जयपुर में 4 अगस्त को फिटनेस और हरियाली के उद्देश्य से 'त्रिमूर्ति मानसून रन' का 8वां संस्करण फ्रेंडशिप डे पर आयोजित किया जाएगा। इस मेगा इवेंट का आयोजन त्रिमूर्ति बिल्डर्स और जयपुर रनर्स क्लब द्वारा किया जाएगा, जिसका लक्ष्य मानसून के मौसम के दौरान फिटनेस को प्रोत्साहित करना और जीवनशैली को स्वस्थ बनाना है। इस इवेंट में शहर के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल होंगे। मानसून के मौसम के आगमन के साथ ही सूर्य की रोशनी की कमी के कारण कई मौसमी बीमारियाँ शुरू हो जाती हैं, जिससे इम्यून

सिस्टम कमजोर हो जाता है। इस समय नियमित दौड़, योग और अन्य शारीरिक गतिविधियाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं। इसी क्रम में, जयपुर रनर्स क्लब ने श्याम नगर ज़ोन में प्री-मानसून रन फिटनेस कैंप का आयोजन रविवार को किया।जयपुर रनर्स की जॉइंट सेक्रेटरी भावना पारीक, श्याम नगर ज़ोन डायरेक्टर नरेंद्र कुशवाह और सुधा खंडेलवाल के नेतृत्व में और फिटनेस कोच अरविंद सिंह तथा तन्वी माथुर के सहयोग से इस कैंप का आयोजन हुआ। कोच तन्वी ने ज़ुम्बा का प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे रनर्स में सकारात्मकता और ऊर्जा का विकास हो सके। वहीं, योग गुरु अरविंद ने ताड़ासन, त्रिकोणासन और वीरभद्रासन जैसे योग आसनों का अभ्यास कराया, साथ ही लचीलापन, स्थिरता और बॉडी स्ट्रेचिंग के लिए विभिन्न बॉडी पोस्चर का अभ्यास कराया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले फिटनेस प्री-इवेंट कैंप महेश नगर और जवाहर सर्कल ज़ोन में भी आयोजित किया गया था। इस दौरान स्थानीय पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुनील ढंड, डॉ. मुकेश गुप्ता, जयपुर रनर्स क्लब के प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, फाउंडर्स मुकेश मिश्रा और रवि गोयंका सहित एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा भी उपस्थित रहे।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर ब्यावर जिला पुलिस ने किया स्लीपर बस में झालावाड़ से जोधपुर ड्रग तस्करी करते एक तस्कर को गिरफ्तार

200 ग्राम एमडीएमए ड्रग व एक आईफोन जब्त, अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 लाख रुपए है कीमत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर ब्यावर जिले की बर थाना पुलिस ने झाला चौकी के पास नाकाबंदी में रविवार सुबह एक स्लीपर कोच बस में सवार तस्कर भंवरलाल बिश्नोई (40) निवासी कंवर जी की खेजड़ी थाना ओसियां जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित एक आईफोन जब्त किया है। जब्त की गई ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपए है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति झालावाड़ से एमडी ड्रग तस्करी कर प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ होते हुए जोधपुर में सप्लाई करने ले जाता है।

इस सूचना को टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों द्वारा विकसित कर बस का पीछा किया गया। लेकिन टीम और बस में काफी दूरी होने और माल खुर्द होने की

आशंका पर ब्यावर जिले की बर थाना पुलिस को सूचना दी गई कि जोधपुर नंबर की एक स्लीपर बस ब्यावर से झाला चौकी की तरफ आ रही है। जिसकी सीट नंबर 7 पर बैठे व्यक्ति के पास काफी मात्रा में ड्रग है। इस सूचना पर रविवार सुबह बर थाना पुलिस की टीम ने झाला चौकी पर नाकाबंदी कर बताए गए नंबर की स्लीपर बस को रुकवाया ओर सीट पर बैठे हुए आरोपी भंवरलाल बिश्नोई की तलाशी ली गई तो उसकी जेब में रखी प्लास्टिक की थैली से 200 ग्राम एमडीएम ड्रग जप्त की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने झालावाड़ के डग थाना क्षेत्र में शेखपुर निवासी श्याम सिंह राजपूत से एमडीएमए ड्रग खरीद कर बेचने के लिए जोधपुर ले जाना बताया है।

इस संपूर्ण कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेश कुमार, रविंद्र सिंह एवं महावीर सिंह शेखावत की विशेष भूमिका, हैड कांस्टेबल कमल सिंह व कांस्टेबल सोहन सिंह की तकनीकी भूमिका एवं हैड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, राकेश जाखड़ व कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार का सहयोग रहा। आरोपी की गिरफ्तारी में बर एसएचओ रूडा राम मय जाब्ता शामिल थे।

गौवंश पर फेंका तेजाब, संदिग्ध युवकों को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। बस्सी थाना इलाके में गौवंश पर तेजाब फेंक कर जलाने का मामला सामने आया है। तेजाब से जली गायों का हिंगोनिया गौशाला में उपचार किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों का पकड़ कर उनसे पूछताछ कर रही है। घटना के सम्बंध में पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की बहू ने मामला दर्ज करवाया है। घटना दौलतपुरा गांव की है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की बहू आभा पहाड़िया ग्राम दौलतपुरा में अपनी जमीन की देखरेख के लिए गई थी। वहां पर खेत में जली हुई गायों को देख पुलिस और नगर निगम को सूचना दी। इसके बाद एनजीओ की मदद से गायों को हिंगोनिया गौशाल में शिफ्ट कराया गया। आभा पहाड़िया ने बताया कि वह अपने पुत्र वरुण पहाड़िया और वैभव पहाड़िया के साथ खुद की जमीन को देखने के लिए गांव आई हुई थी। गांव में हमने देखा एक गाय की चमड़ी जली हुई थी। चमड़ी पर कीड़े पड़े हुए थे। तब हमने अपने गार्ड कमलेश से मालुम किया तो उसने बताया कि बहुत सारी गायों पर गांव वालों ने तेजाब फेंक दिया है। इससे उनके घाव हो गए हैं। मामले की सूचना पर हेरिटेज मेयर ने एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई। गांववालों से पता चला कि हनुमान मीणा व उसके साथियों ने गाय पर तेजाब फेंका है। इस पर बस्सी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं।

साइड देने की बात को लेकर झगड़ा, मारपीट कर छीन ले गए कार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। साइड देने की बात को लेकर आपस में झगड़ा गया। इसके बाद बदमाश दो युवकों से मारपीट कर कार ले गए। घटना के सम्बंध में पीडित ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार आमेर निवासी दिग्विजय सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने दोस्त योगेश भाट के साथ घर जा रहा था। रात करीब 1 बजे नारायण सिंह सर्किल के पास कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद युवक उसकी कार ले गए। बदमाश उसके दोस्त को आदर्श नगर श्मशान घाट के पास पटक गए। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। कार में पीडित और उसके दोस्त के मोबाइल के साथ 20 हजार रुपए भी रखे थे। थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि घटना 26 जुलाई की रात करीब एक बजे की है। पीडित का नारायण सिंह सर्किल पर साइड देने की बात को लेकर अन्य कार सवार युवकों से झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद युवक मारपीट कर उसकी कार ले गए। इस दौरान कार में पीडित का दोस्त योगेश भी बैठा था। बदमाश उसे आदर्श नगर श्मशान घाट के पास उतार गए। बदमाशों को पकड़ने के लिए प्रयास जारी है। जल्द बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

बाइक सवार दो बदमाश युवक से छीन ले गए मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। अशोक नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश युवक के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार ककराली रामपुरा निवासी मुकेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से जा रहा था पृथ्वीराज रोड सी स्कीम पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। घटना 26 जुलाई की रात 10 बजे की है।

प्राकृतिक सौन्दर्य में प्रेस क्लब गोठ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। पिंकसिटी प्रेस क्लब की पारिवारिक गोठ का रविवार को आयोजन हुआ। प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच सुशोभित श्री निवास के बालाजी पवित्र स्थल पर रविवार को क्लब परिवार के साथ मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ एवं हवा महल विधायक बाल मुकुन्द आचार्य ने गोठ में भाग लिया।

इस अवसर पर क्लब सदस्यों एवं परिजनों ने प्राकृतिक वातावरण एवं रिमझिम फुआरों के बीच गोठ का अनन्द लेते हुए सेल्फियां ली। क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ एवं महासचिव योगेन्द्र पंचौली, क्लब कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर, उपाध्यक्ष विमल सिंह तंवर, राहुल भारद्वाज सहित क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी ने विधायक कालीचरण सराफ एवं बालमुकुन्द आचार्य को माल्यापर्ण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ और महासचिव योगेन्द्र पंचौली ने बताया कि ऐसे बहुत कम अवसर होते है जब पत्रकारों के परिवार आपस में मिलते है और इस तरह के आयोजनों से न केवल पत्रकारों में बल्कि पत्रकारों के परिवारों में भी आपसी मिल मिलाप और आपसी सामंजस्य बनता है। आज का आयोजन प्रेस क्लब की ओर से पारिवारिक महौल को बढ़ाता देने का प्रयास है। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, सिद्धार्थ उपाध्याय, नमोनारायण अवस्थी, संजय गौतम, शालिनी श्रीवास्तव एवं उमंग माथुर, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महासचिव एवं वरिष्ठ व युवा पत्रकार परिवार सहित उपस्थित थे।

राजस्थान से ऐतिहासिक प्रतिनिधित्व के लिये केन्द्र का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान से जुड़े दो वरिष्ट नेता गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल व चंडीगढ़ केन्द्रशासित का प्रशासक तथा ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम के राज्यपाल बनाये जाने की राष्ट्रपति द्धारा घोषणा पर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने हर्ष व्यक्त करते हुये राष्ट्रपति का आभार जताया है। प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने राजस्थान के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ समायोजन बताते हुये कहा कि उक्त दोनों

राजस्थान निवासी राज्यपालों की नियुक्ति के अलावा पूर्व में भी उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जैसे महत्वपूर्ण पद व केन्द्र सरकार में चार केंद्रीय मंत्री केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव,संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,क़ानून व न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व केन्द्रीय किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी की भागीदारी से राजस्थान को मज़बूती प्रदान की है।भाजपा केन्द्रीय संगठन में भी राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया व राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर तथा अभी हाल में ही भाजपा राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष डा.सतीश पूनियाँ को हरियाणा प्रदेश का प्रभारी का दायित्व देकर राजस्थान का मान बढ़ाया है।

शिवयम हुईं छोटीकाशी,बड़ी संख्या में कावड़ लेकर पहुंचे शिवालय में भक्त, गूंजा हर -हर महादेव का जयकारा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। छोटीकाशी में रविवार को शिवमय हो गई। शिवालय हर हर महादेव... ऊं नमः शिवाय से गुंजायमान रहें। सुबह ब्रह्म मुर्हूत में शिवालयों के पट खुलने से लेकर रात शयन तक मंदिरों में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। हर कोई आदिदेव महादेव की साधना में लीन रहा। सावन के चलते श्रद्धा और विश्वास के साथ अपने भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, बूरा, शहद, घी, गंगाजल, नारियल पानी, शरबत, बिल्व रस से अभिषेक कर रोली, मोली, चावल, बिल्व पत्र और धतूरे से पूजा की। बड़ी संख्या में गलता से कावड़ लाकर भक्तों ने शिवालयों में अर्पण की। शिवालयों में कैलाश मानसरोवर तथा अमरनाथ की तर्ज पर रंगीन बर्फ से आकर्षक झांकियां सजाई गई। भोलेनाथ कहीं बाबा अमरनाथ बर्फानी के रूप में नजर आएं तो कहीं शांताकारं भुजगशयनं के रूप में कैलाश पर्वत पर ध्यानस्थ मुद्रा में दर्शन देते देखा गया।

झारखंड महादेव मंदिर : क्वींस रोड स्थित झारखंड महादेव मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर अभिषेक किया। सुबह 4: 30 बजे से भक्तों ने लाइन में लगकर भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए इंतजार किया। भक्तों के सहयोग के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर : चौड़ा रास्ता के ताड़केश्वर महादेव मंदिर में भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भोले के भक्तों ने बाबा का तीर्थ नगरी गलता के पवित्र जल से उनका अभिषेक

किया। जिसके पश्चात देर शाम को फूल बंगला झांकी सजाई गई।

आमेर रोड काला महादेव मंदिर : आमेर रोड स्थित गोविंद देवजी मंदिर के काला महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भोलेनाथ की आराधना की।इसी के साथ भोले के भक्तों ने दूध, दही, बूरा, शहद, घी, गंगाजल, नारियल पानी, शरबत, बिल्व रस से अभिषेक कर रोली, मोली, चावल, बिल्व पत्र और धतूरे से पूजा की।

पडौसी ने किया नाबालिग से छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एयरपोर्ट थाना इलाके में पडौसी युवक ने एक नाबालिग से छेड़छाड़ की। पुलिस के अनुसार जगतपुरा निवासी एक युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी के साथ पडौसी हिमांशु ने किसी काम के बहाने बुलाकर छेड़छाड़ की है। घटना 27 जुलाई की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जल, जंगल और जमीन का संरक्षण हमारा दायित्व : राजेंद्र राठौड़

बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश शर्मा)। चूरू जिले में चल रहे सघन पौधरोपण अभियान के सिलसिले में रविवार को चूरू नगर परिषद् की ओर से जिला मुख्यालय स्थित डाईट परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सहारण सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्काउट गाईड, एस.एच.जी. महिलाओं, इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के श्रमिकों, सफाई कर्मचारियों ने करीब चार हजार पौधे लगाए। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने कहा कि हम समाज से बहुत कुछ ग्रहण करते हैं और सक्षम होने पर समाज को लौटाने का प्रयास करते हैं। आने वाली पीढ़ियों के बेहतर जीवन के लिए यह हमारा दायित्व है। इसी प्रकार जल, जंगल और जमीन का संरक्षण भी न केवल वर्तमान को बेहतर बनाने के लिए, अपितु आने वाली पीढ़ियों के प्रति भी हमारा नैतिक दायित्व है। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। पौधरोपण के दौरान विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि शुद्ध हवा व उत्तम स्वास्थ्य के लिए अधिकाधिक पौधरोपण करें तथा पौधों के समुचित सर्वाइवल की जिम्मेदारी लें। पौधों के बगैर जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। हम प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से ही मानवता के अस्तित्व की कल्पना कर सकते हैं। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए मां का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। इस रिश्ते की गरिमा को समझते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धरती पर हरियाली बढ़ाने के दृष्टिकोण से वृहद स्तर पर वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि नगरपरिषद् चूरू द्वारा सरकारी द्वारा आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

शहर में विभिन्न सरकारी कार्यालयों, पार्को, सार्वजनिक स्थानों, शमशान-कब्रिस्तान आदि स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है। इस दौरान डाइट प्राचार्य गोविंद सिंह राठौड़, अधिशाषी अभियन्ता पूर्णिमा यादव, कनिष्ठ अभियन्ता कैलाश डूडी, सुशील, जिला परियोजना अधिकारी भारत भूषण पूनियां, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक मनीराम डाबी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक हर्षित गेट, वीरेन्द्र सिंह सहित बडी संख्या में नगरपरिषद् कार्मिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अंता नगर पालिका में चल रहा है कुर्सी का खेल, 1 माह में बदले 3 साप्ताहिक चेयरमैन, क्या ऐसे होगा विकास?

जनता का मनोरंजन का केंद्र बनी नगर पालिका, एक कुर्सी पर दूसरा कोर्ट से कुर्सी छीनने पर

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफीक मंसूरी)। अंता नगर पालिका में 3 नेताओं में चल रही कुश्ती का खेल 6 माह में मुस्तफा खान, चंद्र प्रकाश मीणा, रामेश्वर खंडेलवाल तीनो अध्यक्ष बने 6 बार अब खंडेलवाल को मिली जिम्मेदारी एक चेयरमेन बनने के लिए राज्य सरकार से तुगलकी आदेश से कुर्सी हथियाई जा रही है तो वही कांग्रेसी चेयरमेन भी एक ही सप्ताह में कोर्ट से आदेश लेकर कुर्सी पर कब्जा जमा रहे हैं ।अंता नगर पालिका में सब कुछ ठीक नहीं दिख रहा। आपको बता दे राज्य सरकार ने चंद्रप्रकाश मीणा को 15 मार्च को निलंबित कर दिया। उन्होंने न्यायालय की शरण ली और 23 मार्च को दोबारा डीएलबी ने उन्हें राहत दे दी। बीच में कुछ दिनों के लिए रामेश्वर खंडेलवाल को सरकार ने अध्यक्ष बना दिया ।इसके बाद जुलाई महीने में ही चंद्र प्रकाश को दोबारा निलंबित कर दिया गया ।फिर राज्य सरकार ने रामेश्वर खंडेलवाल के अध्यक्ष नियुक्ति के आदेश दिए हैं।

इस तरह से चला पूरा घटनाक्रम : 2 फरवरी को डीएलबी ने मुस्तफा खान को किया था निलंबित।

5 फरवरी को चंद्र प्रकाश मीणा ने कर लिया था चार्ज एज्यूम ।इसके बाद 29 फरवरी को वापस मुस्तफा खान के निलंबन को किया डीएलबी ने रद्द। 1 मार्च को मुस्तफा खान ने दोबारा ले लिया चार्ज। इसके पांच दिन बाद 6 मार्च को दोबारा मुस्तफा खान को डीएलबी ने कर किया बर्खास्त ।इसके तुरंत बाद चंद्र प्रकाश मीणा दोबारा बने अध्यक्ष।

चेयरमेन के चेहरे बने हंसी के घर : पिछले 6 महीने में 6 बार अध्यक्ष बदले गए हैं । अब एक बार फिर भाजपा के अंता नगर अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल के हाथ में अध्यक्ष पद की की चाबी आई है। निलंबन, बर्खास्त व नियुक्ति का ही क्रम चल रहा है। मानो यह अध्यक्ष का पद न होकर फुटबॉल बन गया हो।

अंता नगर पालिका में 3 नेताओं में चल रही नूरा कुश्ती खेल : अंता नगर पालिका में अध्यक्ष की कुर्सी अब एक बार फिर भाजपा के अंता नगर अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल इसके पहले स्वायत शासन विभाग, निदेशक स्थानीय निकाय, राजस्थान हाईकोर्ट व नगर पालिका के बीच फाइल और आदेश का क्रम जारी है। इनमें नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मुस्तफ़ा खान, चंद्र प्रकाश मीणा और वर्तमान अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल के बीच नूरा कुश्ती चलती रही है।

विधायक की आंखों की किरकिरी बन गए थे मुस्तफा

पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान भाजपा का बहुमत होते हुए कांग्रेस के मुस्तफा खान नगर पालिका अंता के अध्यक्ष बन गए थे। सरकार जाने के बाद अंता से भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की आंखों की किरकिरी मुस्तफा खान बने हुए थे। मुस्तफा खान के खिलाफ चार संतान होने की शिकायत अंता नगर भाजपा अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने कांग्रेस शासन के दौरान की थी। इसी के चलते इसी पर कार्रवाई करवाने के लिए कंवरलाल मीणा ने एक्शन लेना शुरू कर दिया और झाबर सिंह खर्रा के यूडीएच मंत्री बनने के बाद मुस्तफा खान को फरवरी 2024 में निलंबित करवा दिया। इसके बाद दोबारा उन्होंने अपना निलंबन कोर्ट के जरिए रद्द करवाया।

एसीजेएम व एडीजी कोर्ट खोलने, उप जिला अस्पताल सामाजिक एवं सर्वदलीय संगठन की आव्हान पर बंद रहा देवली

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। शहर में रविवार को सामाजिक संगठन एवं सर्वदलीय संगठनों की ओर से यहां एसीजेएम व एडीजी कोर्ट खोलने सहित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा को फिर से ज्ञापन सौपा गया। जानकारी के अनुसार इससे पहले संगठन के देवली बंद के आह्वान के तहत रविवार को शहर के सभी बाजारों में प्रतिष्ठान बंद रहे। शहर के व्यस्ततम बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। इससे पहले ममता सर्किल पर अभिभाषक संघ देवली, व्यापार महासंघ, विभिन्न राजनीतिक संगठन के नेता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य एकत्र हुए यह सभी जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार मैं घूमते रहे। इस आंदोलन में अधिवक्ता संघ और सर्वदलीय संगठन शाहिद क्षेत्र वासियों की मांग है कि। देवली में एसीजेएम और एडीजी कोर्ट खोलना अति आवश्यक है। तो वहीं उप जिला अस्पताल भी जल्द से जल्द स्थापित किया जाए। इन्हीं मांगो को लेकर रविवार के दिन देवली के बाजार बंद रहे। तो वही सभी संगठनों का संयुक्त जुलूस मुख्य बाजार से नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर पहुंचा। और उक्त मांगों को जल्दी पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि अभिभाषक संघ देवली एवं न्यायालय परिसर में कार्यरत डीड राइटर, टाइपिस्ट, स्टांप वेंडर पिछले 15 दिनों से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश खोलने की मांग को लेकर धरना, प्रदर्शन व क्रमिक अनशन पर है। लेकिन अभी तक राज्य सरकार की ओर से आश्वासन नहीं मिला। जबकि देवली में उक्त न्यायालय खोलने के लिए सभी निर्धारित मापदंड पूरे हैं। इसी तरह बजट में देवली के उप जिला अस्पताल को शहर में ही खोले जाने की मांग की है। इसके अलावा देवली में गौण कृषि उपज मंडी स्थापित करने की मांग की। वही फल सब्जी विक्रेताओं पर व्यापारियों के लिए भी अलग से भू आवंटन किए जाने की मांग उठाई गई। इस दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष महावीर सिंह राठौड़, अधिवक्ता छीतर सिंह, अजीत सिंह, भारत सिंह,अनिल बुरेठिया ललित चौहान ,सागर चौहान बाबूलाल मीणा, संदीप कटिया, बंसीलाल कलवार , भीमराज जैन, रतन मंगल, उमाशंकर खूटेटा, जितेंद्र सिंह चौधरी, बेनी प्रसाद टाक, रीको अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल ने संबोधित किया और पुरजोर तरीके से मांग उठाई है।

महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन

शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास सम्भव : पटेल

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर रविवार को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित नारायणा गार्डन में दक्ष सेवा संस्थान, प्रजापति विकास समिति व समस्त प्रजापति (कुम्हार) समाज के संयुक्त तत्वाधान में सप्तम जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशाल रक्तदान शिविर व विशाल सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा विगत 07 वर्षो से निरन्तर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रक्तदाताओं ने बढ़-चढकर् भाग लेते हुये कुल 113 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ हरिकिशनपुरा अन्नदाता धाम के श्रवणदास महाराज द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि शिक्षा से ही किसी भी समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। प्रजापति समाज सामाजिक सरोकारों में अपना योगदान दे रहा है, यह बेहद सकारात्मक पहल है। विधायक पटेल ने कोटपूतली में प्रजापति समाज के बालिका छात्रावास हेतु जमीन आवंटन, प्रजापति समाज के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लोगों के लिये मिट्टी की जमीन उपलब्ध करवाना व कोटपूतली कस्बे में किसी एक मुख्य चौराहे का नाम राजा दक्ष प्रजापति के नाम पर किये जाने का आश्वासन दिया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा नेता मुकेश गोयल एवं कुम्हार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा ने भी उत्साहवर्धन किया। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने मंच के माध्यम से कोटपूतली के विकास प्रजापति हत्याकाण्ड व दांतिल में हुये हत्याकाण्ड की जांच को लेकर विधानसभा में मांग उठाये जाने की अपील की।

रक्तदाताओं का प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ती पत्र भेंटकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। दक्ष सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश कुमावत व प्रजापति समाज के अध्यक्ष चन्दाराम प्रजापत ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से प्रजापति समाज के लोगों ने भी शिरकत की। समिति की ओर से अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अतिथि व प्रजापति समाज के लोग मौजूद रहे।

चाकसू के भीड़भाड़ वाले बाजार में सार्वजनिक शौचालय की दुर्दशा, आमजन परेशान

बढ़ता राजस्थान

चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)। चाकसू कस्बे में जनसुविधाओं की समय समय पर मरम्मत एवं सार-संभाल व साफ सफाई नहीं होने के कारण अधिकांश शौचालय सुविधा के स्थान पर दुविधा का कारण बने हुए हैं। यहां सर्वाधिक व्यस्ततम स्थान मुख्य सब्जी मंडी में सुबह से लेकर देर रात तक लोगों का आवागमन बना रहता है। इनकी सुविधा के लिए बनाएं गयें शौचालय की सुरक्षा दीवार धराशाई हो चुकी है ।उपर पेड़ पौधे पनप रहे हैं, आसपास गंदगी एवं कचरे के ढेर लगे रहते हैं। आस-पास के दुकानदारों एवं सामान खरीदने आने वाले महिला पुरुषों के लिए सुरक्षित शौचालय तक नहीं होने से भारी समस्या खड़ी हो गई है। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका के तत्कालीन प्रशासन ने पर्यावरण एवं स्कूल के बालकों के स्वास्थ्य तक का भी ध्यान नहीं रखते हुए शौचालय का निर्माण राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नम्बर तीन की बाहरी दीवार से लगवा, स्कूल के मुख्य दरवाजे के निकट ही मुख्य नाली के उपर करवा दिया। जिस पर आस-पास सब्जी मंडी के दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया। स्कूल के भारी विरोध पर भी ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में इस शौचालय की दीवार क्षतिग्रस्त होने के कारण शौचालय बेपर्दा हो चुका है। महिलाओं के लिए तो यह उपयोग में लेने लायक ही नहीं रहा। आस-पास के दुकानदारों ने नगरपालिका प्रशासन, जमादार, पार्षद तक को इस समस्या से अवगत करवा दिया लेकिन समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका।

पांच दर्जन से अधिक प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान किया

शिक्षा के लिए किया प्रोत्साहन

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। मानव सेवा संकल्प संस्थान देवली की ओर से शहर के जगदीश धाम परिसर में रविवार को प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर पांच दर्जन से अधिक बालिकाओं का सम्मान कर उन्हें मोटिवेट किया गया। इस मौके पर मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक जयपुर शिवराज मीणा थे। जबकि अतिथि के रूप में देवली उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा, पुलिस उप अधीक्षक रामसिंह, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह शक्तावत, भामाशाह नवल मंगल, बनवारी गुप्ता, रमेश जिंदल समेत मुख्य अतिथि समेत थे। जिन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को समाज के विकास व उन्नति के लिए जरूरी बताया। लेकिन वर्तमान दौर में सोशल मीडिया भटका रहा है। अतिथियों ने बालिकाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से दूर रहकर लक्ष्य बनाकर अध्ययन करने की बात कही। इसी तरह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बालिकाओं को अपनी फोटो आदि लगाने बचाने को कहा, ताकि इसका दुरुपयोग ना हो। अतिथियों ने सोशल मीडिया का उपयोग अपनी पढ़ाई के लिए करने को कहा। इस मौके पर देवली शहर की सभी सरकारी व निजी स्कूलों में कक्षा 10 एवं 12 में 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रथम दो स्थानों वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। बालिकाओं को दुपट्टा ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो को देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान के अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा, संरक्षक लक्ष्मीकांत पारीक, मनोहर लाल जैन, अशोक दुबे, सचिव सुमित गौतम, राजेंद्र शर्मा, बद्रीलाल चौधरी, दिनेश जैन, संजय सेठी, अशोक माहेश्वरी समेत पदाधिकारी मौजूद थे। मंच संचालन राजकुमार कोठारी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी ने समारोह में उपस्थित अतिथियों का भी अभिनंदन किया ।

देवली में पुलिस की जांच के बावजूद बाइक चोरों ने एक और मोटरसाइकिल चुराई

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने एवं बिना नंबर की बाइकों पर देवली थाना पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है । लेकिन इसी बीच शहर के साकेत कॉलोनी से शनिवार को चोरों ने एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर लिया। देवली थाना प्रभारी राजकुमार नायक के अनुसार चोरी की वारदातों का खुलासा करने तथा संदिग्ध बाइक, बिना नंबर की बाइक के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर तीन टीम गठित की गई। जानकारी के अनुसार देवली शहर में जहाजपुर तिराहे पर सहायक उप निरीक्षक करण सिंह, यातायात प्रभारी इमरान खान, परशुराम सर्कल पर हेडकांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, पेट्रोल पंप चौराहा पर सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह समेत पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से वाहनों पर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान बिना नं की 28 संदिग्ध बाइक व दो संदिग्ध टेंपो बिना नंबर के मोटर व्हीकल अधिनियम 207 के तहत जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते थाना परिसर में बाइकों का जमावड़ा लग गया। यहां देखने वाली बात तो यह है कि एक और तो वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कार्रवाई करती रही। वहीं दूसरी ओर साकेत कॉलोनी से बेखौफ चोर बाइक चुरा कर ले गया। जानकारी के अनुसार यह बाइक कॉलोनी निवासी प्रेम ओझा की है । जो साकेत कॉलोनी स्थित अपने मकान के अंदर गया था कि वहीं दो युवक आए।

विधायक हंसराज पटेल ने किया शिव कॉवड़ शिविर का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। भगवान भोलेनाथ की उपासना के पवित्र माह श्रावण मास में हरिद्वार, गंगोत्री व गौमूख समेत अन्य पवित्र तीर्थ स्थलों से गंगा जल की कॉवड़ लाकर भगवान शिव का अभिषेक कर रहे श्रद्धालूओं व कॉवडियों की सेवा हेतु फल-सब्जी मण्डी अध्यक्ष रमेश चंद सैनी (भगतजी) व रामौतार सैनी द्वारा कस्बे के राजमार्ग स्थित बानसूर कट पर सब्जी मण्डी परिसर के पास शिव कॉवड़ शिविर लगाया गया है।

शिविर का रविवार को विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर शुभारम्भ किया। साथ ही आने वाले कॉवडियों का मार्ल्यापण भी किया। विधायक पटेल ने कहा कि श्रावण मास भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म का वह पवित्र महिना है जिसमें प्रत्येक श्रद्धालू भगवान शंकर की आराधना करता है। भारतीय संस्कृति हमेशा से ही जीव मात्र की सेवा एवं विश्व के कल्याण का भाव रखती है। इस प्रकार कॉवडियों की सेवा करना भी पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी आयोजकों का धन्यवाद् ज्ञापित किया। इससे पूर्व श्री श्री 1008 श्री मंगलदास जी महाराज द्वारा भगवान शंकर के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर शिविर शुरू किया गया। वहीं पं. नरेन्द्र शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। विधायक पटेल का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सैनी समाज अध्यक्ष राकेश सैनी, बिड़दी चंद हवलदार, पूर्व सरपंच रामकुमार सैनी, प्रहलाद चंद सैनी, रमेश मुनीम, पवन कुमार, ठण्डूराम, हरलाल सैनी, श्रीराम सैनी, अमरसिंह मुनीम, ख्यालीराम, इन्द्राज, पांचुराम मुनीम, इन्द्राज शर्मा, मदन लाल, एड. योगेश सैनी, प्रकाश तौंदवाल, मनोज बागवान, रोहिताश सैनी, सेडुराम सैनी व विवेक सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

हनुमान नगर थाना क्षेत्र मैं सैकड़ो टन अवैध बजरी के भंडारण को किया जप्त

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविन्द सिंह सेठी)। यहां निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र में बजरी माफियाओं ने वन विभाग की भूमि पर अवैध बजरी का भंडारण किया हुआ था। जिस पर जहाजपुर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए आठ सौ टन अवैध बजरी के भंडारण को जप्त कर लिया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पूरी तैयारी के साथ पहुंचे लेकिन इससे पहले ही बजरी माफिया गैंग मौके से फरार हो गई। वन विभाग की भूमि पर भारी मात्रा में अवैध बजरी के स्टॉक को देख कर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के भी होश उड़ गए। उक्त कार्रवाई दौरान हनुमान नगर थाना प्रभारी अयूब खान ने बताया कि शाहपुरा पुलिस अधीक्षक राजेश कावंत के निर्देश पर अवैध बजरी खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान के तहत जहाजपुर तहसीलदार, पटवारी, वन विभाग, खनिज विभाग के अधिकारियों के संयुक्त दल ने लुहारी कला गांव के वन क्षेत्र में दबिश दी।

सम्पादकीय

दूर होगी बाजार की कमी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्युचुअल फंड निवेशकों के लिए एक परिसंपत्ति वर्ग का प्रस्ताव रखा है। इस संबंध में एक मशविरा पत्र 16 जुलाई को प्रकाशित किया गया और प्रस्तावित योजना पर सार्वजनिक टिप्पणियां 6 अगस्त तक स्वीकार की जाएंगी। यह नया परिसंपत्ति वर्ग परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को इजाजत देगा कि वे फंड पैकेजिंग में उच्च जोखिम, उच्च रिटर्न वाली रणनीतियों को शामिल कर सकें। यह उन निवेशकों के लिए होगा जिनमें जोखिम लेने के साथ-साथ वित्तीय क्षमता भी मौजूद होगी। प्रस्ताव में इन उत्पादों को पोर्टफोलियो प्रबंधन योजनाओं (पीएमएस) और 'वनीला' म्युचुअल फंड्स के बीच में कहीं रखने की बात है। इसके लिए न्यूनतम निवेश मूल्य 10 लाख रुपये है जो पीएमएस के लिए तय 50 लाख रुपये की सीमा से कम है। इन योजनाओं को लॉन्च करने वाली एएमसी को मुख्य निवेश अधिकारी नियुक्त करना होगा जिसके पास कम से कम 5,000 करोड़ रुपये की संपत्ति का प्रबंधन करने का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव हो। इसके अलावा फंड प्रबंधक ऐसे होंगे जिन्हें कम से कम 3,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के प्रबंधन का न्यूनतम सात वर्ष का अनुभव हो। एएमसी का खुद भी कम से कम तीन साल से संचालन हो रहा हो और उसके प्रबंधन में न्यूनतम 10,000 करोड़ रुपये की संपत्ति होनी चाहिए। ये प्रस्तावित म्युचुअल फंड जहां म्युचुअल फंड की तरह सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी), सिस्टमैटिक विदड्रॉल प्लान और सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान पेश करेंगे, वहीं इस नई परिसंपत्ति श्रेणी के फंड प्रबंधकों के पास यह लचीलापन होगा कि वे हेजिंग के अलावा अन्य उद्देश्यों से ऐसी रणनीतियां इस्तेमाल कर सकता है जिनमें डेरिवेटिव का इस्तेमाल किया गया हो।

नई परिसंपत्ति श्रेणी के फंड को अलग तरह से ब्रांड करना होगा ताकि निवेशक उसमें और कम जोखिम वाले म्युचुअल फंड में अंतर कर सकें। इन फंड में यूनिट भुनाने की आवृत्ति को समायोजित करने में अधिक लचीलापन होगा ताकि प्रबंधकों के समक्ष अचानक नकदी की कमी की स्थिति न बने। पत्र में यह भी सुझाया गया है कि यूनिट को एक्सचेंज ट्रेडेड फंड या ईटीएफ की तरह शेयर बाजार में भी सूचीबद्ध करना होगा ताकि आसानी से इनमें प्रवेश और निर्गम संभव हो सके। पत्र का सुझाव है कि फंड की इस नई श्रेणी के जरिये 'लॉन्ग-शॉर्ट' पोर्टफोलियो तैयार किया जाए ताकि बढ़ती या गिरती शेयर कीमतों का लाभ उठाया जा सके। इसके साथ ही 'इनवर्स ईटीएफ' मॉडल भी बनाया जा सकता है ताकि फंड के पोर्टफोलियो को विपरीत दिशा में एक मानक ईटीएफ तक पहुंचाया जा सके। ऐसी रणनीतियों से फंड डेरिवेटिव की मदद से कीमतों में उतार-चढ़ाव का लाभ ले सकेंगे। ऐसी रणनीतियां हेज फंडों द्वारा अपनाई जाती हैं जो उच्च रिटर्न हासिल कर पाते हैं भले ही बाजार की दिशा कुछ भी हो। परंतु इनमें भी बहुत जोखिम होता है और सावधानीपूर्वक प्रबंधन करने की आवश्यकता होती है क्योंकि इनमें भारी नुकसान भी हो सकता है। प्रस्ताव का एक उद्देश्य संसाधनों और जोखिम क्षमता वाले निवेशकों को अपंजीकृत, अनधिकृत संस्थाओं का सहारा लिए बिना उच्च जोखिम वाली रणनीतियों में भाग लेने की अनुमति देना है।

क्या मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में चीन के साथ रिश्ते सुधारने की रणनीति बना रहे है?

भारत और चीन के बीच हालिया घटनाओं को लेकर विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि भारत चीन के बातचीत के लिए तैयार हो सकता है, लेकिन साथ ही खुद को मजबूत दिखाना जरुरी है है। यह नजरिया प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर के उन इंटरव्यू को आधार बनाता है जिनमें उन्होंने सीमा मुद्दे का समाधान निकालने की इच्छा जताई थी। साथ ही, यह नजरिया ताइवान के साथ भारत के संबंध और दलाई लामा से मुलाकात को चीन को यह संदेश देने के तौर पर देखता है कि भारत इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ भी रिश्ते बनाने में सक्षम है। पर कुछ जानकारों का मानना है कि भारत शायद बेहतर डील का इंतजार कर रहा है।

अशोक भाटिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में होंगे। पिछले कुछ हफ्तों में भारत-चीन संबंधों को लेकर मिले संकेत मिले-जुले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया द्वारा रणनीति में बदलाव से यह पता चलता है कि चीन के साथ व्यावहारिक सहयोग का रास्ता हो सकता है। चीन के साथ गलवान घाटी में हुई झड़प को चार साल पूरे हो चुके हैं। इसी घटना के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए थे। अभी भी सीमा पर तनाव बना हुआ है। दोनों ही तरफ से 50 से 60 हजार सैनिक तैनात हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में चीन के साथ संबंधों को सुधारना सबसे बड़ी चुनौती होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेता अस्ताना में हो रहे एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल तो होंगे, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि क्या दोनों के बीच मुलाकात होगी या नहीं। पीएम मोदी ने अप्रैल में न्यूजवीक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि भारत के लिए, चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण और सार्थक हैं। जानकारों का मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय तक चले आ रहे गतिरोध को तत्काल सुलझाने की जरूरत है क्योकि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांत संबंध सिर्फ दोनों देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भी जरूरी हैं। मोदी ने कहा था कि मुझे उम्मीद है और भरोसा है कि हम अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे।

नजरिया कहता है कि शुरुआत में भारत का लक्ष्य चुनाव के बाद जल्दी से सीमा मुद्दे का समाधान निकालना था। लेकिन, उम्मीद से कम सीटें जीतने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत शायद रिश्तों को सुधारने से पहले चीन से कुछ रियायतों का इंतजार कर रहा है। हाल ही में एक कार्यक्रम में जब ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) से पूछा गया था कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक महीने के भीतर अपने चीनी समकक्ष से दूसरी मुलाकात की है। इसे कैसे देखते हैं आप? हमने यह भी जानना चाहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर पर भी वार्ता होने की खबरें हैं, क्या मोदी सरकार चीन से संबंध सुधारने की कोई पहल कर रही है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर दोनों देशों के संबंध सुधरते हैं तो यह सिर्फ भारत और चीन के लिए ही नहीं बल्कि इस पूरे क्षेत्र के लिए अच्छी बात होगी। उन्होंने कहा कि लेकिन जैसा दिख रहा है या कहा जा रहा है वह सब हकीकत में बदलना इतना आसान नहीं है क्योंकि ड्रैगन के खाने वाले दांत अलग हैं और दिखाने वाले अलग हैं।उन्होंने बताया था कि कहा कि वैसे यह अच्छी बात है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक महीने के भीतर दूसरी बार चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बताया यह भी जा रहा है कि दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर पर भी हाल में वार्ता के दौर हुए हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही यह भी पहली बार हुआ है कि एससीओ के सदस्य देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने चीन में पहले संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास में हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में चीन के साथ संबंध सुधारने पर जोर दे रही है। लेकिन भारत सरकार अपने उस रुख पर अडिग है कि चीन को भारत के साथ पिछले समझौतों का पूर्ण सम्मान करना ही होगा।

जहां तक दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात की बात है तो लाओस में हुई इस मुलाकात के दौरान जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से साफ-साफ कह दिया कि भारत के द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व लाने और पुनर्बहाली के लिए चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा तथा पिछले समझौतों का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित करना ही होगा। उन्होंने कहा था कि भारत का कहना है कि जब तक सीमा क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। इस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि वापसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि उनके बयान में कहा गया है कि एलएसी और पिछले समझौतों का पूरा सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हमारे संबंधों को स्थिर करना हमारे आपसी हित में है।

हमें वर्तमान मुद्दों पर उद्देश्य और तत्परता की भावना का रुख रखना चाहिए।' जयशंकर ने आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान वांग से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया था कि सीपीसी (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना) पोलित ब्यूरो सदस्य और (चीन के) विदेश मंत्री वांग यी से आज वियनतियान में मुलाकात की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा जारी रही। सीमा की स्थिति निश्चित रूप से हमारे संबंधों की स्थिति पर प्रतिबिंबित होगी। हम आपको बता दें कि भारत का कहना है कि जब तक सीमा क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। वैसे जयशंकर और वांग के बीच वार्ता पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद जारी रहने के बीच हुई जो मई में अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर गया। जयशंकर ने कहा, ''वापसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन दिए जाने की आवश्यकता पर सहमति बनी। एलएसी और पिछले समझौतों का पूरा सम्मान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। हमारे संबंधों को स्थिर करना हमारे आपसी हित में है। हमें वर्तमान मुद्दों पर उद्देश्य और तत्परता की भावना का रुख रखना चाहिए। उधर, दोनों मंत्रियों की मुलाकात के बारे में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि बैठक ने दोनों मंत्रियों को चार जुलाई को अस्ताना में अपनी पिछली बैठक के बाद से स्थिति की समीक्षा करने का अवसर दिया। मंत्रालय ने कहा, ''उनकी बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व लाने और पुनर्बहाली के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से संबंधित शेष मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने पर केंद्रित थी।'' विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों मंत्री जल्द से जल्द सैनिकों की पूर्ण वापसी के लिए उद्देश्य और तत्परता के साथ काम करने की आवश्यकता पर सहमत हुए। सीमाओं पर शांति तथा एलएसी के प्रति सम्मान द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति के लिए आवश्यक है।'' विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्षों को अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ का पूरी तरह से पालन करना चाहिए। विदेश मंत्री ने हमारे संबंधों के लिए तीन परस्पर महत्वों-आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता पर जोर दिया।'' बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की जल्द ही बैठक करेंगे।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें।

वृष
लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

मिथुन
कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग।

कर्क
पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

सिंह
स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी।

कन्या
लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। कुछ आय होगी। माता को कष्ट रहेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। यात्रा सफल रहेगी।

तुला
भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा।

वृश्चिक
बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

धनु
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें।

मकर
रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी।

कुंभ
प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

मीन
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें। यात्रा के योग बनेंगे।

शख्सियत

बिना युद्ध करे ही हार मान लेना आत्महत्या की श्रेणी में ही आता है,जीवन के संघर्ष ही हमारे आने वाले समय और हमारे अस्तित्व को तय करते हैं, तकदीर से अधिक हमारे कर्म का महत्व है बस हम इससे ही बचते हैं इसलिए शायद सफल नहीं हो पाते.....

आज के हमारे कॉलम के सुपर स्टार हैं योगेन्द्र योगी जोकि युवाओं के लिए एक आर्दश भी हैं। यूट्यूब पर इन्हें लोग योगी योगेंद्र या टेक्निकल योगी के नाम से जानते है। इन्होंने पत्रकारिता की पढाई (बीजेएमसी)की हुई है। जब ये 14 वर्ष थे तब पिताजी स्वर्ग सिधार गए थे तो पढ़ाई अलग-अलग जगह काम करके डिस्टेंस लर्निंग से पूरी की पढ़ने का और घूमने का बहुत ज्यादा शौक है इसलिए काफी नॉलेज इक्कठी हो गई है। जीवन इनका बचपन से संघर्ष भरा रहा क्योंकि घर में ये सबसे बड़े हैं इसलिए पढ़ाई करना, घर की जिम्मेदारी और अपने जीवन को सफल बनाना तीनों एक साथ करना था । इन्होंने शुरुआत में चाय की ठेली पर झूंठे कप भी धोए, तेल मील में 12 घंटे की रात की शिफ्ट में काम भी किया, सुबह-सुबह साइकिल से अखबार भी बांटे, पूरे अलवर शहर में घर-घर कोरियर भी बांटी इसके अलावा भी बहुत सारे काम किए और पढ़ाई भी साथ में की। 22 दिसंबर 2016 को यूट्यूब पर टेक्निकल योगी चैनल की शुरुआत की। सीखने का बहुत शौक है तो जो सीखता वो विडियोज के माध्यम से लोगों को भी सिखाते थे। 10 हजार के एक फोन से शुरुआत की 4 महीने तक कुछ नहीं मिला लेकिन 8 वे महीने 8300/- यूट्यूब से मिले और उसके बाद लगातार बिना रुके यूट्यूब पर काम किया आज 7 वर्ष से ज्यादा हो गए है कभी कोई छुट्टी नहीं की है। रोज वीडियो अपलोड करते हैं। आज टेक्निकल योगी चैनल पर 1.87 मिलियन सब्सक्राइबर है । दूसरे चैनल क्रिएटर गाइड पर भी 2 लाख 60 हजार सब्सक्राइबर हैं । ये अपने दर्शकों को ऑनलाइन सोशल मीडिया पर कंटेंट कैसे बनाए और उससे पैसे कैसे कमाए ये ही सब सिखाते हैं । इसके अलावा वेबसाइट कैसे बनाए ब्लॉग कैसे बनाए के अलावा डिजिटल तकनीक से विषयों पर बात करते हैं । बहुत सारे लोगों ने इनसे सीखकर अपना ऑनलाइन रोजगार बना लिया है वो इन्हें अपना गुरु मानते है ये सब इन्हें बहुत प्रेरित करता है। यूट्यूब की तरफ से इन्हे 2 सिल्वर क्रिएटर अवार्ड और एक गोल्डन क्रिएटर अवार्ड दिया है। इसके अलावा 2021 में इन्हें गुगल ने पहला ऑफिशियल वीडियो कंट्रीब्यूटर चुना और दिसंबर 2022 में गुगल एशिया पेसिफिक शिखर सम्मेलन में सिंगपुर बुलाया जहां करीब 35 एशियन देशों के ऑफिशियल कंट्रीब्यूटर ने अपने अपने देश से हिस्सा लिया वहां इन्होंने अपने देश भारत को रिप्रेजेंट किया उसके बाद

योगेन्द्र योगी
(यू-ट्युबर)

अक्टूबर 2023 को गूगल के ग्लोबल शिखर सम्मेलन में लंदन में पूरी दुनिया से गूगल के ऑफिशियल कंट्रीब्यूटर ने हिस्सा लिया और इन्होंने अपने देश भारत को रिप्रेजेंट किया । इसके बाद दिसंबर 2023 को इन्हें यूट्यूब इंडिया का पहला ऑफिशियल डायमंड वीडियो कंट्रीब्यूर बना दिया गया है। अभी ये लोगों को ऑनलाइन डिजिटल तकनीक सीखकर उनके जीवन में बदलाव लाने की कोशिश में कर रहे हैं और ऑनलाइन रोजगार कैसे करे ये सब सीखा रहे हैं इसके अलावा खुद भी लाखों में रूपये कमा रहे हैं। हर व्यक्ति का अपना सपना होता हैं एक शानदार घर। गुद्डी के इस लाल ने हाल ही में अपना एक शानदार घर बनाया है कई करोड़ रूपये लगाकर। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

जय हिन्द

आज का इतिहास

29 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ईस्ट इंडिया कंपनी की सहायता के लिये ब्रिटिश सेना की पहली सैन्य टुकड़ी 1748 में भारत पहुंची।
- यूनाइटेड स्टेट्स और जापान ने 1858 में हैरिस संधि पर हस्ताक्षर किए।
- भारत में विज्ञान संगठन की स्थापना 1876 में की गई।
- न्यूयॉर्क में पहली मोटरसाइकिल रेस का आयोजन 29 जुलाई 1899 में किया गया।
- मोहन बगान ने 1911 में आईएफ शील्ड पहली बार जीता।
- जर्मनी में एडोल्फ हिटलर नेशनल सोशलिस्ट जर्मन वर्कस पार्टी के नेता 1921 में चुने गये।
- जापानी सेना ने 1937 में चीन के पेकिंग और टिनट्सीन पर कब्जा किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के घटक जापान ने 1941 ईसवी को चीन और भारत पर अधिकार करने के लिए अपने सैनिक इस क्षेत्र के दक्षिणी तट पर उतारे।
- ब्रिटिश ब्राडकॉस्टिंग कार्पोरेशन रेडियो पर 1949 में प्रसारण शुरू हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र ने 1957 में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का गठन किया।
- मॉस्को ओलंपिक में भारत ने 1980 को हॉकी में स्वर्ण पदक हासिल किया।
- ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स और राजकुमारी डायना की शादी 1981 में हुई थी।
- चीन ने 1996 में लोपनोर में अपना 45वां भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- सं.रा. अमेरिका द्वारा पैमनसेट-9 नामक संचार उपग्रह उक्रेन के राकेट की सहायता से अंतरिक्ष में 2000 को प्रक्षेपित किया गया।
- सीमा भदौरिया ने 29 जुलाई 2000 को अपने दांतों से 3390 किलोग्राम के विमान को खींचा।
- श्रीलंकाई बल्लेबाज माहेला जयवर्धन और कुमार संगाकारा ने 2006 में 624 रनों की भागीदारी का टेस्ट क्रिकेट में विश्व रिकार्ड बनाया।
- वैज्ञानिकों ने 2007 में एथेंस में प्री हिस्टोरिका पीरियड के हाथी के दांत की खोज की।

विशेष आलेख

प्रकृति, शिव और समाज से जोड़ती है कांवड़ यात्रा

डॉ. आशीष वशिष्ठ

कांवड़ का अर्थ है परात्पर शिव के साथ विहार। अर्थात् ब्रह्म यानी परात्पर शिव, जो उनमें रमण करे वह कांवड़िया। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों की तादाद में कांवड़िए दूर-दराज से आते हैं और अपने आस-पास के स्थानों से गंगा जल भरते हैं, तत्पश्चात् पदयात्रा कर अपने-अपने स्थानों को वापस लौट जाते हैं। इसी यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है। फिर चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने के आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है, और शिव जी से अपनी और अपनों की सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। कहने के लिए तो ये बस एक धार्मिक आयोजन मात्र है, लेकिन इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व बहुत है। इसका सामाजिक सरोकार भी हैं। कांवड़ के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी शिव की आराधना के लिए है। जल आम आदमी के साथ-साथ पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, धरती में निवास करने वाले हजारों-लाखों तरह के कीड़े-मकोड़ों और समूचे पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक तत्व है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां के मैदानी इलाकों में मानव जीवन नदियों पर ही आश्रित है। कांवड़िए जलस्रोत से एक बार जल भरकर उसे अभीष्ट कर्म के पूर्व अर्थात् शिवजी को अर्पण करने के पहले भूमि पर नहीं रखते हैं। इसके मूल में भावना यह है कि जलस्रोत से प्रभु को सीधे जोड़ा है जिससे धारा प्राकृतिक रूप से उन पर बनी रहे एवं उनकी कृपा हमारे ऊपर भी सतत् धारा के अनुसार बहती रहे जिससे संसार सागर को सुगमता से पार किया जा सके। भोलेनाथ के भक्त यूं तो साल भर कांवड़ चढ़ाते रहते हैं, लेकिन सावन में इसकी धूम कुछ ज्यादा ही रहती है क्योंकि यह मास भगवान शिव को समर्पित है। अब तो उत्तर भारत में खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी व पूर्वी यूपी में कांवड़ यात्रा एक पर्व कुंभ मेले के समान एक महाआयोजन का रूप ले चुकी है। काशी और देवघर में भी कांवड़ यात्रा का खासा महत्व है। पिछले डेढ़ दशक में कांवड़ यात्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान शिव पर सबसे पहले कांवड़ किसने चढ़ाया और इसकी शुरुआत कैसे हुई। कुछ कथाओं के भगवान परशुराम ने अपने आराध्य देव शिव के नियमित पूजन के लिए पुरा महादेव में मंदिर की स्थापना कर कांवड़ में गंगाजल से पूजन कर कांवड़ परंपरा की शुरुआत की, जो आज भी देशभर में काफी प्रचलित है। कांवड़ की परंपरा चलाने वाले भगवान परशुराम की पूजा भी श्रावण मास में की जानी चाहिए। पौराणिकता मान्यता है कि कांवड़ यात्रा एवं शिवपूजन का आदिकाल से ही अन्योन्याश्रित संबंध है। महाकवि कालिदास ने हिमालय को शिव का प्रतिरूप बताते हुए इसके सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया है। यों भी कह सकते हैं कि कांवड़ यात्रा शिव के कल्याणकारी रूप और निष्ठा के नीर से उसके अभिषेक को तीव्र रूप में प्रतिध्वनित करती है। उत्तर भारत में भी गंगाजी के किनारे के क्षेत्र के प्रदेशों में कांवड़ का बहुत महत्व है। राजस्थान के मारवाड़ी समाज के लोगों के यहां गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ के तीर्थ पुरोहित

जो जल लाते थे और प्रसाद के साथ जल देते थे, उन्हें कांवड़िए कहते थे। ये लोग गोमुख से जल भरकर रामेश्वरम में ले जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते थे। दरअसल, यह एक प्रचलित परंपरा थी। लगभग 6 महीने की पैदल यात्रा करके वहां पहुंचा जाता था। इसका पौराणिक तथा सामाजिक दोनों महत्व है। इससे एक तो हिमालय से लेकर दक्षिण तक संपूर्ण देश की संस्कृति में भगवान का संदेश जाता था। इसके अलावा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की लौकिक और शास्त्रीय परंपराओं के आदान-प्रदान का बोध होता था, लेकिन अब इस परंपरा में परिवर्तन आ गया। कांवड़ यात्रा का धार्मिक महत्व तो जगजाहिर है, लेकिन इस कांवड़ यात्रा से वैज्ञानिकों ने उत्तम स्वास्थ्य भी जोड़ दिया है। प्रकृति के इस खूबसूरत मौसम में जब चारों तरफ हरियाली छाई रहती है तो कांवड़ यात्री भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए पैदल चलते हैं।पैदल चलने से हमारे आसपास के वातावरण की कई चीजों का सकारात्मक प्रभाव हमारे मनमस्तिष्क पर पड़ता है। चारों तरफ फैली हरियाली आंखों की रोशनी बढ़ाती है। वहीं ओस की बूंदे नंगे पैरों को ठंडक देती हैं तथा सूर्य की किरणें शरीर को रोगमुक्त बनाती हैं।

ये यात्रा प्रकृति और मानव के संबंधों में नई उष्मा, निकटता एवं प्रेम को बढ़ाती है। डॉक्टरों के मुताबिक धार्मिक चेतना से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कांवड़ यात्रा स्वास्थ्यप्रद होती है। पैदल, नाचते-गाते और दौड़ लगाते हुए शिवभक्त जाते हैं। इससे शरीर में खुशी के हार्मोंस जेनरेट होते हैं। व्यक्ति तनाव मुक्त हो जाता है। पैदल चलने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और हार्ट और फेफड़ों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। पवित्र गंगा को स्वर्ग अर्थात् पहाड़ों से पृथ्वी अर्थात् मैदानी इलाकों में लाने के लिए महान शिव के द्वारा जिस श्रमदान का आयोजन किया गया वह उस समय अत्यंत दुष्कर कृत्य रहा होगा। पर्वतों के बीच गमन करना और श्रमदान करना निश्चित ही कोई सुगम कार्य नही रहा होगा। कितने ही किसान-श्रमिक कर्तव्य की बलिवेदी पर न्योछावर हुए होंगे।यह बात वह शिव भक्त कांवड़िये आसानी से समझ सकते हैं जो गोमुख या उसके भी ऊपर ऊंचाइयों से जल लाने हेतु पैदल पद यात्रा करते हैं। उसी महान श्रमदान की स्मृति आज भी कांवड़ के विशाल आयोजन में संरक्षित दिखाई पड़ती है।संभवत: हताहत तथा कालकलवित हुए कृषकों व श्रमिकों की आत्मा की शांति की कामना के लिए उसी पवित्र जल से शिव को जलाभिषेक करने की उज्जवल परम्परा का विकास कांवड़ यात्रा मे कहीं न कहीं दृष्टिगोचर होता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बीसलपुर पुलिया पर हैंगिंग ब्रिज बनाने की संभावनाऐं तलाशने के दिए निर्देश

गोणकेश्वर मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद उच्चाधिकारियो के साथ जलदाय मंत्री ने मौके की स्थिति का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अपने क्षेत्र के प्रवास के दौरान बीसलपुर बांध क्षेत्र पहुंच कर गौणकेश्वर मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद बजट धोषणा के अनुसार बीसलपुर बांध पर बनने वाली पुलिया को हैंगिग ब्रिज के रूप में बनाने की संभावनाओं को तलाश कर तकमीना तैयार करने के निर्देश प्रदान किए। शनिवार को देर शाम जलदाय मंत्री नगरपालिका टोडा के अध्यक्ष भरतलाल सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतकुमार जैन, पूर्व डीआर रामचन्द्र गुर्जर, टोडारायसिंह भाजपा शहर महामंत्री करूणानिधि शर्मा, पार्षद प्रहलाद चांवला के बीसलपुर बांध स्थित अति प्राचीन श्री गौणकेश्वर महादेव मन्दिर पहुंचे। यहां चौधरी ने पवित्र सावन मास की पूर्ण विधि विधान से पूजा की। इसके पश्चात सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिक्षण अभियन्ता एच.एल.मीणा, अधिशाषी अभियन्ता पिन्टू मीणा, सहायक अभियन्ता रोशन मीणा के अलावा अन्य कई विभागीय अधिकारियो के साथ बीसलपुर बांघ क्षैत्र का जायजा लिया। इस दौरान जलदाय मंत्री चौधरी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा में प्रस्तुत अपने पहले पूर्ण बजट में ही क्षैत्र के लोगो की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करने के लिए 147 करोड़ रूपये की लागत से बीसलपुर बांध क्षैत्र में बनास नदी पर पुलिया निर्माण की धोषणा की है। इसके सरकार का मुख्य उद्धेश्य टोडारायसिंह सहित बीसलपुर बांध में पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस दौरान जलदाय मंत्री ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि इस पुलिया को कोटा के चम्बल नदी पर बने हैंगिंग ब्रिज की तर्ज बनाने की संभावनाओं को तलाशा जाए। इसके लिए यइि अतिरिक्त बजट की बात आऐगी तो वे स्वयं इस बाबत मुख्यमंत्री शर्मा से चर्चा कर बजट स्वीकृत कराने का भरसक प्रयास करेगें। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता पिन्टू मीणा ने बताया कि बीसलपुर में बनास नदी पर बनने वाला पुल की लम्बाई 2500 मीटर होगी। यह पुलिस टू लेन अर्थात 13 मीटर चौड़ाई में सड़क निर्माण होगी। उन्होंने बताया कि माननीय मंत्री मंशानुसार हैगिंग ब्रिज बनाने के लिए सर्वे शीध्र तकमीना तैयार कर माननीय मंत्री महोदय को संभला दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीसलपुर में बनास नदी पर पुलिया निर्माण हो जाने के बाद देवली कोटा बूंदी भीलवाड़ा, जहाजपुर के आवागमन सुगम होगा व वाहन सुविधा आसानी से उपलब्ध होगी।

साथ ही इस पुल के बन जाने के बाद बीसलपुर आने जाने वालो को जान जोखिम में डाल कर नाव में बैठकर यात्रा करने से छुटकारा मिल सकेगा। इस पुलिस के निर्माण के बाद टोडा व देवली क्षैत्र के लोगो की वर्षो पुरानी मांग भी पूरी होगी।

साथ ही क्षैत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बीसलपुर में बनास नदी पर पुल नहीं होने के चलते लोगो को नाव का सहारा लेना पड़ता है साथ ही बारिश के दिनो में टोडारायसिंह से देवली मार्ग लगभग चार माह बंद रहता है।

सरकारो ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि नहीं कर आंगनबाड़ी परिवारो का अपमान किया है

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी ने रखे अपने विचार

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा के महेश सेवा सदन में रविवार को क्षैत्र के सी आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मोजुद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए आल इण्डिया आंगनबाड़ी एम्पलाईज फैडरेशन के संस्थापक सरंक्षक छोटेलाल बुनकर ने कहा कि केन्द्र सरकार का इस वर्ष का बजट पूरी तरह से निराशाजनक व आंगनबाड़ी महिला विरोधी है। केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने अपने इस बजट में मानदेय में वृद्धि नहीं करके देश के 34 लाख आंगनबाड़ी परिवारो का अपमान किया है। साथ ही राज्य की भाजपा सरकार ने भी विधानसभा चुनावो के दोरान किए गए वादे के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि नहीं कर कार्यकर्ताओं ,सहायिकाओं के व आशा सहयोगिनो के मानदेय में वृद्धि तो नहीं की लेकिन काम बढ़ा दिया। बुनकर ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में 1 से 6 अगस्त तक सभी सांसदो को नियमित करने एवं सम्मानजनक मानदेय वृद्धि करने बाबत ज्ञापन सौंपे जाएगें। इसके अलावा 12 सितम्बर को प्रधानमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रतियां जिला कलक्टरो को सौंपी जाएगी। बैठक में सभाध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने बताया कि सरकार मानदेय के नाम पर आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रही है। केकड़ी प्रभारी आशा मेघवंशी, फागी तहसील अध्यक्ष आशा सैनी, व मालपुरा तहसील अध्यक्ष संजू स्वर्णकार ने भी विचार प्रकट किए।

बैठक में मुख्य रूप से रेखा शर्मा, सुरज्ञान, कैलाश स्वामी, मंजू शर्मा, हरफूल, परवीन, सुषमा, ,गूंजन, सुल्ताना, रेखा स्वामी, पिंकी सैनी, बीमा, उर्मिला, सुशीला, नजमा बेगम के अलावा क्षैत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजुद रही। बैठक के प्रारम्भ में तहसील अध्यक्ष संजू स्वर्णकार के नेतृत्व में क्षैत्र की महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व आशा सहयोगिनो ने बाहर से आए पदाधिकारियो का स्वागत किया।

सिरस में बरसात से कच्चा घर ढहा, प्रधानमंत्री आवास योजना में नहीं बना मकान, सूची में है नाम

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। सिरस ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शनिवार की शाम बरसात होने के बाद एक कच्चा घर ढह गया। घर ढहने के समय उसमें कोई नहीं होने से बडा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड नंबर 5 में स्थित रैगर मोहल्ले में तीजा देवी पत्नी धना रैगर का कच्चा घर बरसात से ढह गया। घर ढहने के समय तीजा देवी बाहर गई हुई थी। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। तीजा देवी प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्का मकान बनवाने के लिए कई बार ग्राम पंचायत के चक्कर लगा चुकी है। उसका योजना की सूची में नाम होने के बाद भी पक्का आवास नहीं बनने से वह बेघर हो गई है। तीजा देवी ने ग्राम पंचायत प्रशासन से शीघ्र योजना के माध्यम से पक्का मकान बनवाने की मांग की है।

शिक्षाविद डॉ. नरूका का एक्सीलेंसी आइकॉनिक अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राहोली के शिक्षाविद डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका को जयपुर के इण्डियाना पैलेस में आयोजित विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह में ग्रामीण शिक्षा में बच्चों के ड्रॉप ऑउट रेशो को कम करने, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, ग्रामीण प्रतिभाओं को राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय पर पहचान दिलाने व शैक्षणिक नवाचारों के लिए एक्सीलेंसी आइकॉनिक अवार्ड समारोह में बेस्ट प्रिन्सिपल ऑफ द ईयर टाइटल से सम्मानित किया गया। डॉ. नरूका को यह सम्मान जानी मानी अभिनेत्री ईशा देओल ने प्रदान किया है। गौरतलब हो कि शिक्षाविद डॉ. नरूका ने बधिर समुदाय के कलाकारों की कला उन्नयन के लिए डेफ आर्ट मूवमेंट फाउंडेशन की स्थापना भी की है। जिससे बधिर कलाकारों की कला को निखारने व उनके काम को पहचान दिलाने में सफलता मिली है। डॉ. नरूका ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप कई तरह के शैक्षणिक बदलाव व नवाचार किए हैं जिससे राहोली ग्राम के विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षणिक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

कृषि मंडी में स्थित शिवालय में हुआ सहस्त्र घट का आयोजन,श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। कृषि मंडी में स्थित शिवालय में रविवार को आचार्य पं. रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में अखंड सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। श्रद्धालु व कृषि मंडी के व्यापारी दीपक गुप्ता ने बताया कि शिवालय में श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में श्रावण मास के दौरान अखंड सहस्त्र घट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आचार्य पं. रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में पं. गिर्राज शास्त्री, पं. मोहनलाल, पं. रामरतन व पं. मोहित शर्मा के सानिध्य में गोपाल काठ के परिवार के सदस्यों सहित कई श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा कर जलाभिषेक किया। सहस्त्र घट के बाद भगवान भोलेनाथ का पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भोग लगाकर महा आरती की गई जिसमें श्रद्धालु उमड़ पड़े।

समिति ने लिया मौका स्थिति का जायजा

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। श्री टांक क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर महासभा के पदाधिकारियो ने मौका स्थिति का जायजा लिया। रविवार को केन्द्रीय अध्यक्ष कंवरीलाल टांक, महामंत्री प्रकाशचन्द टांक, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार टांक ने महासभा के क्षैत्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार टांक के साथ डिग्गी की विभिन्न धर्मशालाओं की स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान नरेन्द्र कुमार, गुलाबचन्द, ओमप्रकाश, शंकरलाल भी मौजुद रहे। क्षैत्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार टांक ने बताया कि श्री टांक क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में टांक समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 नवम्बर को आयोजित होगा। इस आयोजन को लेकर समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी रविवार को डिग्गी पहुंच सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओ बाबत विभिन्न स्थानो पर जाकर मोका स्थिति का जायजा लिया।

इससे पूर्व समाज के सभी पदाधिकारी डिग्गी के कल्याण जी महाराज के मन्दिर पहुंच श्री कल्याण जी महाराज के दर्शन कर समाज के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन की सफलता की कामना की।

51 लाख का प्रस्ताव पूरी गर्मी निकलने के बाद भी मंजूर नही, लोग हो रहे बिना पानी परेशान

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा (नि.स.)। शिवाड़ में भीषण गर्मी से चरमरा रही पेयजल व्यवस्था अभी भी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बिगड़ी हुई है । आये दिन विभाग नए नए बहाने लगा बारिश का इंतज़ार कर रहा है और समस्या को अस्थाई खत्म करना चाहता है ।

मगर चौक हुई लाइन और नए बोरींग के लिए चार मार्च 2024 को 51 लाख रुपये के भेजे प्रस्ताव के मंजूरी पर चुप्पी साधी हुई है । ग्रामीण कुमुद जैन, बबलू महावर, तेजकरण सोनी आदि ने बताया कि विभाग ने पूरी गर्मी आचार संहिता का बहाना बनाया और स्थानीय विधायक भी आचार संहिता के लिए कहते रहे मगर जून के प्रथम सप्ताह बाद आचार संहिता हटने के डेढ़ माह बाद भी इस प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही नही हुई जिससे कस्बे में नवीन बोरींग और पाइप लाइन का कार्य नही होने से लोगो को पीने का पानी तक नही मिल रहा है । आये दिन लोग स्थानीय कर्मचारियो से पानी के लिए लड़ते दिखाई देते है मगर उच्च अधिकारियों के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है ।लोगो का कहना है कि 5 माह में भी यदि पेयजल उपलब्ध नही हो पाया तो राज्य सरकार ज़िम्मेदार अधिकारीयो पर कार्यवाही क्यो नही कर रही है।

वार्ड 8 में चौक है लाइन मगर अधिकारी नई नही डलवा रहे : कस्बे के वार्ड 8 में बागवान के मकान के सामने टी से लेकर गुलाब जी की मिल तक कि लाइन वर्षो पुरानी है जो जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है और चौक हो गई जिसमें कई सालों से पानी नही जा रहा है ऐसे में इस लाइन से जुड़े लोगों के घर मे नलो में पानी की सप्लाई नही हो रही है । विभाग के कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशाषी अभियंता तक मौका देख चुके है मगर 100- 150 मीटर की ये लाइन नई नही डाली जा रही है ज़िम्मेदार एक दूसरे पर ज़िम्मेदारी डाल मामले को टाल रहे है मगर नवीन पेयजल लाइन नही डाली जा रही है ।

श्री बद्रीनाथ मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा (नि.स.)। श्री श्याम सखा परिवार नटवाड़ा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा क्षेत्रीय विधायक रामसहाय वर्मा को एक ज्ञापन सौपकर नटवाड़ा में स्थित श्री बद्रीनाथ मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन के माध्यम से विधायक वर्मा को अवगत करवाया गया कि गाँव नटवाड़ा में लगभग 1200 वर्ष पुराना धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक श्री बद्री विशाल मंदिर स्थित है। मंदिर वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत का एक अनूठा उदाहरण है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि यह मंदिर क्षेत्र का सबसे भव्य मंदिर संरचनाओं में से एक है और इस क्षेत्र की कला, भाषा, संस्कृति और धर्म से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस मंदिर की नव संवतसर का शगुन देखने की परंपरा पूरे राज्य में भक्तों के बीच लोकप्रिय है और भारत से लोग साल भर पूजा करने के लिए मंदिर आते हैं। यहाँ अक्षया तृतीया से पूर्व दोज़ को मंदिर के शिखर पर ध्वजा फहराने के बाद नव संवतसर का शगुन देखा जाता है। जिसको देखने के लिए राजस्थान सहित अन्य प्रांतो से हजारो श्रदालु आते है। पर्यटन की दृष्टि से बढावा देने के लिए मंदिर के आसपास मंदिर की ही 15-16 बीघा जमीन है। जिसमे पर्यटन से जुड़े कई विकास कार्य हो सकते है।

साथ ही द्वादश ज्योतिर्लिंग घुश्मेश्वर महादेव शिवाड़ एव चौथ का बरवाड़ा धार्मिक पर्यटन नगरी है।। इन मंदिरों को जोड़ने के लिए पर्यटन सर्किट बनाकर आने जाने की सुविधा दी जाए। जिससे आम व्यक्ति की आय में वृद्धि हो और आने वाला पर्यटक भारतीय की संस्कृति से रूबरू हो सकें। पर्यटक स्थल घोषित करने से एक ओर जहां राज्य सरकार को राजस्व मिलेगा तो वहीं स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। नटवाड़ा सहित इसके आसपास के क्षेत्र में अनेकों धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों पुरामहत्व के स्मारकों को देखते हुए यहां पर्यटन की विपुल संभावनाएं हैं। श्री बद्रीनाथ मंदिर तक आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने के लिए सड़क निर्माण और उसके सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति दिलाने की मांग की गई हैं। श्री बद्रीनाथ मंदिर को पर्यटन महत्व का घोषित कर वहां के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने की दिलाने की मांग की गई है। इस अवसर पर बद्री विजय, रामदेव प्रजापत, रामजी लाल बोकण, श्याम जोशी, मुकेश कीर, रामजी लाल जाट, रामसिंह तंवर, पोखर धाभाई, हीरा लाल कसाणा, देवलाल धाभाई, साँवरा जोशी, शंकर मोठिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशानुसार जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं को लेकर सजग

जिला कलेक्टर की निरंतर मॉनिटरिंग से आमजन को मिल रही है राहत

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान व निराकरण को लेकर जिला प्रशासन सजग है। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क, वर्षा ऋतु में जल भराव, साफ-सफाई समेत अन्य परेशानियों के तत्काल समाधान को लेकर गंभीर है। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही, जिला कलेक्टर की निरंतर मॉनिटरिंग से आमजन को समस्याओं का निस्तारण होने से राहत मिल रही है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी एवं कार्मिक आमजन की समस्याओं का हर संभव एवं यथाशीघ्र समाधान कर रहे है। उपखंड पीपलू के ग्राम रानोली के सामुदायिक भवन की छत टपकने पर ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायत समिति पीपलू के सहायक अभियंता रामदयाल विजय ने ठेकेदार को ग्राउटिंग कार्य एवं छत पर बजरपुट कराने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्राम पंचायत को खराब बजरी का उपयोग नहीं करने के लिए कहा। उपखंड देवली के राजमहल के समीप रघुनाथपुरा गांव के तालाब की पाल टूटने की संभावना को देखते हुए विकास अधिकारी रानू इंकिया द्वारा तत्काल तालाब के पाल की मरम्मत कर पानी निकासी का रास्ता निकालकर ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान किया गया। उपखंड उनियारा के ग्राम बनेठा के रूपपुरा में जल जीवन मिशन के तहत गौरव पथ को खोदकर डाली गई पेयजल पाईप लाईन को खुदाई के बाद ट्रेंच को मोटरबल कर बारिश के बाद ठेकेदार को गौरव पथ का रिपेयर गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए है। उपखंड पीपलू के रानोली गांव में कीचड़ होने के कारण छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए विकास अधिकारी राजेश्वरी के निर्देश पर ग्राम पंचायत द्वारा सफाई कर पानी की निकासी करवाई गई। ग्राम पंचायत द्वारा इस रास्ते पर सीसी रोड़ मय नाली के करवाया जाएगा। उपखंड उनियारा की तहसील नगर फोर्ट के गांव कल्याणपुरा में अतिक्रमण एवं बहाव क्षेत्र में हो रहे मिट्टी के जमाव को हटाते हुए नाली खुदवाकर पानी निकासी की गई। इससे ग्रामीणों को राहत मिली। उपखंड मालपुरा की ग्राम पंचायत डिग्गी एवं लांबाहरिसिंह में संचालित अन्नपूर्णा रसोई के बकाया बिलों का भुगतान शीघ्र करने के लिए विकास अधिकारी द्वारा जिला परिषद टोंक को भिजवाए गए, ताकि आमजन को अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से प्रतिदिन भोजन करने में कठिनाई नहीं हो।

मानसिक रोगी अज्ञात महिला का मिला शव, नही हुई शिनाख्त

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। शहर के जयपुर रोड स्थित जमात में निर्माणाधीन एक निजी भवन में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने से मौके पर लोगों व राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थानाधिकारी हरिराम वर्मा मय जाप्ते के घटना स्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर राजकीय सामुदायिक अस्पताल की मोर्चरी में शिनाख्त के लिए रखवाया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि अज्ञात महिला मानसिक रोगी है। उन्होंने बताया कि मृतका की लम्बाई 5 फीट है। रंग गेहूंआ, चेहरा गोल व सिर के बाल काले हैं। मृतका ने लाल रंग का ब्लाउज, चोकलेटी रंग का घाघरा, हाथों में लाख की चूडियां व पांवों में पायजेब पहने हुए है।

चिंताजनक

समाजकंटक पैदा करता समाज

जिसके नाम पर हम पूरे जीवन दूसरों को ठगते आए है वो ठग विद्या हमें भगवान ने नहीं बल्कि समाज ने ही सीखाई है। माता-पिता बचपन से ही बच्चों को अपनी परवारिश के दौरान उन लोगों का अनुसरण कराते है जिसने सिर्फ पैसे कमाए हों कभी इस ओर ध्यान ही नहीं देते कि पैसे कैसे कमाए होंगे। बस यहीं से समाजिक हनन का शुभारंभ हो जाता है। माता-पिता बच्चे को डाक्टर बनाते है, पैसा भी लगाते है लेकिन नैतिक शिक्षा बस यही कि किस तरह से पैसा कमाना है। किस तरह से जनसेवा करनी है इस बात पर कोई ध्यान नहीं देता है, यही हाल राजनीति का है जनसेवा के नाम पर किस तरह से अपनी सेवाए होती है ये किसी से छुपा हुआ नहीं है। देश के सांसद और मंत्री तो काफी बड़े हो जाते हैं पर यहां सरपंच, प्रधान या फिर वार्ड पार्षद ही देख लो कहां से कहां पहुँच गए यदि जनसेवा की शिक्षा समाज से मिली होती तो आज जनसेवा ही हो रही होती लेकिन समाज ने जनसेवा के स्थान पर स्यवं सेवा का भाव ज्यादा बनाए रखा। इस समाज ने एक ही शिक्षा दी है कि भेड़ दिख जाए तो बाल मत छोड़ देना। ईमानदार वहीं है दोस्तों जिसे मौका ना मिल रहा हो। मानव का जन्म तो मनुष्य के स्वरूप में ही होता है लेकिन उसे समाजकंटक हमारा समाज ही बना देता है। समाज की सोच में बदलाव की महती आवश्यक्ता है। जिस समाज में परमार्थ नहीं होगा उसका अस्तित्व कायम रहना असंभव होगा। अभिभावकों द्वारा बच्चों की सेवा, पालन पोषण, शिक्षा-दीक्षा का ध्यान रखा जाए लेकिन नैतिक शिक्षा इन सबसे उपर हो तभी समाज का दायित्व नजर आएगा। इन हालात में व्यवहारिक और व्यपारिक संबंधों में परस्पर प्रेम और सहानुभूति जन्य आत्मीयता की भावनाएं नष्ट हो जाए तो समाज के अविकसित, असमर्थ, अक्षम लोगों का जीवन निर्वाह कठिन ही होगा और वृद्ध, अपंग, अपाहिज, रोगी और दु:खी लोगों का जीवन तो दूभर हो जाएगा। मनुष्य की प्रवृतियां स्वयं परमार्थ के प्रति से जितनी ही शुन्य होती जाएंगी उतना ही सामाजिक व्यवस्था उन्नत: हो जाएगी। व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ सिद्धि, स्वयं समृद्धि के बाहर आकर ही मनुष्य समाजिक स्तर पर कुछ कर सकता है। वैसे तो मनुष्य कितना ही संपन्न और वैभवशाली क्यों न बन जाए परमार्थ के लिए किसी भी तरह उपयोगी सिद्ध नहीं होगा जब तक उसके भीतर स्वयं हित का अंत नहीं होगा। क्योंकि समाज के साथ ही व्यक्ति और व्यक्ति के द्वारा ही समाज का विकास संभव है।

रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,
अलवर संस्करण
दैनिक बढ़ता राजस्थान

जल भराव की समस्या का शीघ्र निदान कराएंगे : दयाल शर्मा

वाटर बॉक्स चौराहे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शीघ्र प्रयास होने चाहिए : मुकेश सक्सेना

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। दिनांक 28 जुलाई 2024 को पुराना शहर मंडल धौलपुर द्वारा कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया एवं प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना, कार्यक्रम का आयोजन पुराना शहर मंडल,धोलपुर पर जजुआ वाली माता मंदिर प्रांगण में हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशम्भर दयाल शर्मा प्रदेश सह संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ एवं विशिष्ट अतिथि मुकेश सक्सेना भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर मंडल जिला अध्यक्ष मुस्ताक कुरैशी ने की कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई सभी कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना प्रधानमंत्री ने सभी से एक पेड़ मां के नाम लगाने का अनुरोध किया, भारत को ड्रग्स फ्री बनाने, खादी को बढ़ावा देने एवं लोकल स्तर पर बनाने वाले उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करने एवं आगामी 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा लगाकर अपनी सेल्फी अपलोड करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बोलते हुए विशंभर दयाल शर्मा ने कहा कि मंडल स्तर पर अपनी परेशानियों को बताएं और मंडल अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश स्तर पर पहुंच जाएंगे और शीघ्र समाधान लाने का प्रयास करेंगे, उन्होंने कहा कि जल भराव, बिजली, पानी एवं सड़क की समस्या के लिए प्रदेश स्तर पर अवगत करा दिया गया है शीघ्र समाधान करने का भी प्रयास करेंगे भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने कहा कि वाटर बॉक्स चौराहे पर हो रही दिन प्रतिदिन की घटनाओं का शीघ्र निजात दिलाने के लिए एवं पुराने जिला अस्पताल में बड़ी डिस्पेंसरी को शीघ्र खुलवाने के लिए जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर पर ज्ञापन देने के लिए कहा मंडल अध्यक्ष मुश्ताक कुरैशी ने कहा कि धौलपुर का अस्पताल आमजन के लिए अत्यंत आवश्यक है शहर में हो रहे जल भराव से आम जनता त्रस्त है इसका शीघ्र निदान होना चाहिए। कार्यक्रम बाड़ी मे रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मां की बात कार्यक्रम सुबह 11.00 अपने बूथ क्रमांक 212 वार्ड 14 बाड़ी विधानसभा के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा के कार्यालय पर देखा और सुना। सभी बूथ अध्यक्षों का स्वागत किया गया मंडल अध्यक्ष के द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत महाराणा प्रताप स्टेडियम शक्ति केंद्र पर पांच पेड़ नीम पीपल अशोक बरगद आम सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा गर्ग, अनिल गोयल जिला महामंत्री राज बहादुर मीना प्रदेश उपाध्यक्ष एसटी मोर्चा, वंदना शिवहरे एक पेड़ मां के नाम संयोजक नाजिया खान अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शिप्रा गर्ग ममता कुशवाहा रामकुमार कुशवाहा धनंजय शर्मा नितिन शर्मा नरेश यादव मनोज पुरी रामस्वरूप कुशवाहा अंकुश गर्ग और कार्यकर्ता अन्य लोग मौजूद रहे और धौलपुर संचालन मंडल महामंत्री फैजल खान ने किया, कार्यकर्ताओं ने मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया एवं बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला मंत्री कमलेश पहाड़िया, पूर्व पार्षद इन्द्रलाल कोली, पूर्व पार्षद सुनील नरवर, सुरेश चंद्र गोयल, कमल पहाड़िया,वीरू रजक, गब्बर उस्मानी, मुकेश शर्मा, मंजू राम बेटी उर्मिला,रामसिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसपी और कलेक्टर ने शहर में शुरू किया सफाई अभियान : पार्क में खेलने आए बच्चे भी सफाई में जुटे, नगर परिषद को कचरा हटाने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और एसपी सुमित मेहरड़ा ने रविवार सुबह गांधी पार्क पहुंचकर सफाई की। पार्क में जगह-जगह फैली गंदगी को उठाने के साथ अधिकारियों ने लोगों से साफ सफाई का ध्यान रखने की अपील की। अधिकारियों को पार्क की सफाई करते देख स्थानीय लोगों और बच्चे भी पार्क पहुंते और सफाई अभियान में जुट गए।

एसपी की पहल पर सुबह 6 बजे से लेकर 8 तक शहर के एकमात्र गांधी पार्क में कोने कोने में हाथों से सफाई की गई। जिसमें लोगों द्वारा फैलाई गई गंदगी को अधिकारियों ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ उठाकर कचरा पात्र में डाला। अधिकारियों को गंदगी साफ करते हुए देख पार्क में खेल रहे छोटे-छोटे बच्चे भी खेलना छोड़कर साफ-सफाई में जुट गए।

अधिकारियों के साथ बच्चों के सफाई में शामिल होने पर उनके साथ पहुंचे अभिभावक भी सफाई करने लगे। जिस पर मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बच्चों की हौसला अफजाई की। साफ सफाई को लेकर जिला कलेक्टर ने मौके पर ही नगर परिषद के अधिकारियों को बुलाकर शहर में जगह-जगह लगे कचरे की ढेर को हटाने के निर्देश दिए। जिसके बाद पार्क से अधिकारियों ने गंदगी को कचरा पात्र में भरवाकर हटवाया गया।लोगों को रखना होगा साफ सफाई का ध्यान गांधी पार्क में सफाई के लिए पहुंचे एसपी ने 2 घंटे तक सफाई करने के बाद स्थानीय लोगों से अपील की है।एसपी ने कहा कि लोगों को अपने घरों के आसपास सफाई का बेहद ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग सार्वजनिक तौर पर साफ सफाई नहीं कर सकते। वह केवल अपने घर के बाहर तक साफ सफाई रखें। इसके अलावा उन्होंने सड़क पर कचरा ना फेंकने के निर्देश दिए। जारी रहेगी सफाई की मुहिम एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि आज से प्रत्येक रविवार को सुबह क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिससे लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया जा सके। नगर परिषद को आया शहर में फैल रही गंदगी का ध्यान सुबह दोनों अधिकारियों के साफ सफाई करने की खबर मिलते ही नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा मौके पर पहुंचे। जहां अधिकारियों को सफाई करता देख नगर परिषद आयुक्त ने अधिकारियों को जल्द ही शहर की सफाई करने का आश्वासन दिया। जिस पर कलेक्टर और एसपी ने नगर परिषद के साथ आम लोगों से भी शहर की सफाई में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। मंगलवार से होगी कार्रवाई नगर परिषद आयुक्त ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि सभी दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कचरा पात्र रखना सुनिश्चित करेंगे। जिसके साथ आम लोग भी अपने घरों का कचरा सड़कों पर नहीं फेंकेंगे। नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि 2 दिन तक नगर परिषद शहर की पूरी सफाई कर देगी। जिसके बाद कचरा फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

बिजली की अघोषित कटौती और खराब स्ट्रीट लाइट्स से परेशान शहरवासी

महिलाओ के साथ वरिष्ठ नागरिको को हो रही परेशानी आये-दिन हो रही अँधेरे के चलते दुर्घटनाये, पालिका पर बजट का रोना

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहरवासी इस समय दोहरी समस्या का सामना कर रहे हैं। एक तरफ बिजली की अघोषित कटौती और दूसरी तरफ नगर पालिका की खराब स्ट्रीट लाइट्स। ये समस्याएँ आमजन की रोजमर्रा की जिंदगी को कठिन बना रही हैं, खासकर गर्मी और उमस भरे मौसम में।

अघोषित बिजली कटौती

शहर में डिस्कॉम की लापरवाही के कारण, जहां बिजली की सप्लाई में लगातार कटौती हो रही है। 24 घंटे में 12 घंटे की बिजली कटौती आम बात हो गई है। रविवार को भी सुबह-सवेरे डिस्कॉम द्वारा 3 घंटे की विद्युत कटौती की गई, और इसके बाद अघोषित कटौती का सिलसिला जारी रहा। इस स्थिति ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, खासकर उमस भरे मौसम में।

पालिका प्रशासन पर बजट का आरोप

नगर पालिका हमेशा बजट की कमी का रोना रोती रही है, लेकिन पिछले एक महीने में दो बार बजट जारी हुआ है। इसके बावजूद, स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतें

वरिष्ठ नागरिक और कोर्ट के अधिवक्ता जगदीश प्रसाद लहचोरिया, सत्यदेव चंसोरिया और राधेश्याम तिवारी ने बताया कि वे रोजाना घूमने आते हैं और बिजली की अनुपस्थिति के कारण उन्हें परेशानी होती है। बरसात के मौसम में जहरीले कीड़े और जंगली जानवर सड़क पर निकलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन को बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है।

लाखों रुपए की कीमत से लगाई गई थी स्ट्रीट लाइट

नगर पालिका ने करीब 4 साल पहले लाखों रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट्स लगाई थी। इन लाइट्स के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधा देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन ये लाइट्स जल्द ही बंद हो गईं और अब तक चालू नहीं हो पाईं।

खराब स्ट्रीट लाइट्स

नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों पर लाखों रुपए की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें शोपीस बन गई हैं। धौलपुर रोड, संत नगर रोड, और बसेड़ी रोड पर लगाई गई ये लाइट्स महीनों से बंद पड़ी हैं। वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और युवा, जो सुबह और शाम की सैर पर जाते हैं, इस अंधेरे से परेशान हैं। नगर पालिका के अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

नाबालिक बालक की निर्मम हत्या, धमकी देकर घर से उठाया

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। मृतक करन सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह उम्र 15 वर्ष अंडोआ का पुरा पोस्ट-कनासिल निवासी थाना कोलारी जाति कुशवाह 10 वी का छात्र है किसी व्यक्ति ने आम रास्ता पर चौक से करन का नाम और उसके साथ अंग्रेजी मे ञ्ज अक्षर लिख दिया जिसे लेकर अध्यापक ताराचंद के घर मे किसी बेटी के नाम से मिलान करता था उसी शक के आधार पर करन सिंह और उसके माता-पिता को घर पर बुलाकर मारने की धमकी थी उसी रात को रात के 2 बजे के बाद करन सिंह जो अपनी छत पर सो रहा था उसे घर से उठा लिया परिजनों ने समझा था की शायद गुस्से मे घर से निकल गया है इसलिए परिजनों ने थाना कॉलरी मे रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई और अपने स्तर पर खोज शुरु करदी मगर जब 26 जुलाई 2024 को गांव के पास करीब दोपहर 2 बजे कुए मे मिला शव को देखकर हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर आकर शव को बाहर निकाल कर सैंपऊ ष्ट ॥ ष्ट मोर्चरी में शव को रखवा दिया उसके बाद 23/07/2024 को दी गई करने की धमकी के अनुसार पीड़ित परिजनों ने अध्यापक ताराचंद पुत्र गज सिंह व उसके साथ मुकेश पुत्र दाताराम के नाम से थाना कोलारी मे रिपोर्ट दर्ज कराई है शव को मिले 24 घंटे से ज्यादा हो गए मगर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

शिक्षा विभाग ने जारी किया शिविरा पंचांग

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। शिक्षा विभाग ने स्कूलों के संचालन के लिए शिविरा पंचांग जारी कर आगामी शैक्षिक वर्ष की महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा की है। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने शैक्षिक सम्मेलन की तिथि निर्धारित कर शिविरा पंचांग जारी करने का स्वागत किया है । संघ के जिला अध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर तथा जिलामंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि संगठन की ओर से पिछले काफी समय से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर शैक्षिक सम्मेलनों की तिथि निर्धारित कर शिवरा पंचांग जारी करने की मांग की जा रही थी। रविवार को निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी शिविरा पंचांग में 1 जुलाई से अगले साल 30 जून तक पंचांग के रूप अनुरूप विद्यालय संचालन ,विभागीय क्रियाकलापों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के आयोजन की तिथि निर्धारित की गई है।

मुख्य तिथियाँ

- मध्यावधि अवकाश- 27 अक्टूबर से 7 नवंबर
- शीतकालीन अवकाश- 25 दिसंबर से 5 जनवरी
- ग्रीष्मावकाश- 17 मई से 30 जून

सम्मेलन तिथियाँ

- जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन- 25 और 26 अक्टूबर
- राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन- 17 और 18 जनवरी

पंजाबी समाज की 85 प्रतिभाए हुई सम्मानित राष्ट्रीय पंजाबी महासभा नें किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। पंजाबी समाज की होनहार प्रतिभाओ को उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पंजाबी महासभा जोकि समूचे भारत में पंजाबी समाज को एक करने के उद्देश्य से कार्यरत है, द्वारा पंजाबी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

तय समायानुसार दोपहर 12:15 बजे शालीमार स्थित एक निजी होटल में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का अगाज हुआ। दीप प्रज्वलन के बाद संगीतमय गणपति वंदना का फेमस डांस अकादमी की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। महासभा के जिलाध्यक्ष अमित छाबड़ा नें बताया की श्रीमती नारायणी देवी मनोहर लाल चेरिटेबल ट्रस्ट व पंजाबी महासभा छात्रों के उज्वल भविष्य हेतु सदा प्रयासरत रहेगी साथ ही किसी भी जरूरतमंट छात्र जिसके पास संसाधनों का अभाव है उसे उचित संसाधनों प्रदान कर उसकी प्रतिभाओ को पंख लगाने का कार्यक्रम ट्रस्ट व महासभा करेंगी । कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाज के बुजर्ग रहे जिनके द्वारा दसवीं व बारहवीं में 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं सहित सहित राज्य व राष्ट्र स्तर पर समाज का नाम करने वाली प्रतिभाओ को माला, दुपट्टा व प्रतीक चिन्ह भेटकर उन्हें सम्मानित किया गया । महासभा के संगठन महासचिव रमेश आहूजा नें बताया कि महासभा प्रतिवर्ष अलवर जिले में इस प्रकार के आयोजन कर प्रतिभाओ को उचित मंच प्रदान कराएगी । सौरभ कालरा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज को नई दिशाए मिलती हैं साथ ही प्रतिभाओं के सम्मान से समाज का गौरव भी बढ़ता है। मंच संचालन दिनेश शर्मा नें किया । आयोजक समिति से जुड़े राजू धवन, अनुराग छाबड़ा, सौरभ कालरा व रजनीश बांगा नें कार्यक्रम कि रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पंजाबी समाज के गणमान्य के रूप में दौलत राम हजरती, चरणजीत सुनेजा, रमेश जुनेजा, रोशन लाल बक्शी,हरीश अरोड़ा, ओमप्रकाश कुकरेजा, सतीश भाटिया, संतोष अरोड़ा,प्रेम गाँधी, देवेंद्र छाबड़ा, अशोक आहूजा, अनिल कालरा, मनोज नकड़ा, हरिकिशन खत्री, जुगल गाँधी, राजेश सेतिया, सुदीप कालरा, पंकज मल्होत्रा, संजय डरगन, बिशन कालरा, तुलसी भुगड़ा सहित फूलकारी क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

हजार का इनामी बजरी माफिया गिरफ्तार : पुलिस पर हमला कर हो गया था फरार, अन्य आरोपियों को पहले पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। पुलिस पर हमला करने के आरोपी को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 19 मार्च को सदर थाना क्षेत्र के मानपुरिया का पुरा गांव में बजरी माफियाओं का पीछा करते वक्त पुलिस पर हमला हो हुआ था। गिरफ्तार किए गए आरोपी पर एसपी ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। घटना में शामिल कुछ आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि 19 मार्च को थाना क्षेत्र के मानपुरिया का पुरा गांव में बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा करते हुए पुलिस पहुंच गई। पुलिस को पीछे देख बजरी माफियाओं ने फोन कर अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। इसी दौरान मौके पर पहुंचे बजरी माफिया और पुलिस के बीच पथराव हो गया।

जिसके बाद आरोपी पुलिस पर पथराव करते हुए भाग निकले। घटना को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेज दिया था। उन्होंने बताया कि मामले में फरार चल रहे 10हजार रुपए के इनामी रामकेश (24) पुत्र रामगोपालथा।

गायत्री परिवार द्वारा कार्यकर्ताओं की गोष्ठी का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। रविवार को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ करौली कुंड अलवर पर अलवर उपजोन जिसमें जिला अलवर, बहरोड़-कोटपुटली और खैरथल-तिजारा के कार्यकर्ताओं की एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस गोष्ठी का उद्धेश्य वर्ष 2026 मे माता भगवती देवी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्षय मे माह सितंबर 2024 मे शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लाकर पुरे उपजोन मे शक्ती कलश रथ यात्रा निकालने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराना था। इस गोष्ठी मे शांति कुंज हरिद्वार से पधारे राजस्थान प्रभारी गोरी शंकर सैनी राजस्थान जोन प्रभारी ओम प्रकाश अग्रवाल,बनवारी लाल सैनी,डॉ प्रशांत भारद्वाज , मोहन गौतम, अलवर उप जोन प्रभारी दिनेश चंद गुप्ता, डॉ सरोज गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की सभी पधारे हुए अतिथियों ने अपने अपने उद्धबोधन मे सभी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र मे गायत्री परिवार मिशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों को सुचारु रूप से चलानेए सभी नये पुराने कार्यकर्ताओं से अपनत्व का भाव रखते हुए बिना भेदभाव साथ लेकर चलने और शक्ति कलश यात्रा को सफल बनाकर गुरुदेव के विचारों को घर घर तक पहुँचाने का संदेश दिया स इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ अलवर की मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी ने अपने उद्धबोधन मे अलवर जिले मे शक्तिपीठ द्वारा जन कल्याण के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमो को विस्तार पूर्वक सभी को बताया और पधारे अतिथियों को शक्ति कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए आश्वासन दिया दिनेश गुप्ता और सतीश बडाया ने सभी तहसील प्रभारियो के साथ समूह चर्चा की और उनसे अपने विचारों को भी रखने को कहा, और सभी का आभार जताया और अंत मे सतीश बडाया जी ने शांति पाठ कर कार्यक्रम को समापन कराया।

श्री धाकड़ समाज पंचायत के बालिका छात्रावास का भूमि पूजन समारोह

बेटियां किसी भी परिणाम को अपने पक्ष में करने की भरपूर योग्यता रखती हैं : ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

संगठित और शिक्षित समाज ही देश को आगे बढ़ाने के लिए काम कर सकते हैं : मंत्री दिलावर

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। श्री धाकड़ समाज पंचायत के बालिका छात्रावास का भूमि पूजन समारोह खड़े गणेश जी स्थित धरणीधर गार्डन पर आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर थे। अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेंद्र नागर, धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तुलसीराम नागर, समाजसेवी फूलचंद नागर मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा में बेटियां सदैव अव्वल नजर आती हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि यदि अवसर और सुविधाएं प्रदान किए जाएं तो बेटियां किसी भी परिणाम को अपने पक्ष में करने की भरपूर योग्यता रखती हैं। समाजों का भी दायित्व है कि बेटियों को भी बेटों के समान सुविधा, संसाधन और अवसर मिलें। हमारी केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार हमने बुनियादी सुविधाओं के विकास पर सबसे अधिक फोकस किया है। शहर से लेकर गांव और अमीर से लेकर गरीब तक के सभी बच्चों को समान रूप से शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए कई स्तर पर योजनाएं तैयार की गईं हैं। बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंच को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। गरीब के बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आए इसके लिए अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। धाकड़ समाज के द्वारा बालिका शिक्षा के लिए उन्नत छात्रावास का निर्माण अच्छा कदम है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि समाजों को संगठित होकर अपने और देश के उत्थान के लिए काम करना चाहिए। जब विभिन्न समाज संगठित होंगे तो देश अपने आप संगठित हो जाएगा। संगठित और शिक्षित समाज ही देश को आगे बढ़ाने के लिए काम कर सकते हैं। सभी समाज एक जाजम पर बैठकर चिंतन करें, अपनी कमियों को दूर करें। असंगठित लोग कभी अपना कल्याण नहीं कर सकते। जबकि संगठित लोग पहाड़ को भी तोड़कर रास्ता बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज धरती माता तनाव में है। जब तापमान 55 डिग्री तक पहुंच रहा है। इस तापमान को कम करने के लिए आज कुछ नहीं किया तो मानवता सुरक्षित नहीं रहेगी। पेड़ लगाकर मानवता को सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नागर प्रणेता ने कहा कि समाज की बालिकाओं को शिक्षा के लिए आवास उपलब्ध होगा तो बहुत बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा। इस दौरान धरणीधर बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति लिमिटेड की वेबसाइट का लोकार्पण भी किया गया। संचालन रमेश नागर ने किया।

मगरा क्षेत्रीय विकास योजनांतर्गत कनेरा घाटा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 172 लाख की स्वीकृतियां जारी

बढ़ता राजस्थान



निम्बाहेड़ा(नि.स.)। मगरा क्षेत्रीय विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत राज्य स्तर पर संरक्षित 20 प्रतिशत राशि से अनुमोदित कार्यों के संबंध में राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर निम्बाहेड़ा विधानसभा के कनेरा घाटा क्षेत्र में 172 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्य का अनुमोदन किया है। इनमें से 15 कार्यों के लिए पूर्व में स्वीकृतियां जारी हो गई है, शेष कार्यों की स्वीकृतियां पंचायत समिति स्तर पर प्रक्रियाधीन है। विधायक श्रीचंद कृपलानी ने बताया कि राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा कनेरा घाटा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 32 कार्यों का 172 लाख रुपये की राशि का अनुमोदन किया गया है। विधायक कृपलानी ने बताया कि 7 लाख रुपये की लागत से कनेरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंचायत भवन के पीछे बम्बोरिया भेरूजी के रास्ते पर पुलिया निर्माण कार्य तथा 5-5 लाख रुपये की लागत से गोपाल सेन के मकान से विजयपुर मैन रोड तक सीसी रोड निर्माण, खेमपुरा से पीपली कुआं रास्ते पर पुलिया निर्माण, शमशान निर्माण, गोपाल के स्कूल से गांव तक सड़क निर्माण, कनेरा-खेमपुरा से पहाड़ बावजी तक गिट्टी सड़क निमार्ण, पटीयार से बोरी माता तक गिट्टी सड़क निमार्ण, मैलाना ग्राम पंचायत में एकलिंगजी पुरा में श्मशान घाट पर बाउंड्रीवाल निर्माण मय टीन शेड, पुराने पंचायत भवन के पास सीसी रोड मय नाली निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र के पास सीसी रोड मय नाली निर्माण, किशन कारणिया के मकान से जिओ टावर तक सीसी रोड मय नाली निर्माण, गोरमा बावजी मंदिर के पास सार्वजनिक बाउंड्रीवाल निर्माण, निम्बोदा ग्राम पंचायत के रावलीया ग्राम में श्मशान घाट पर बाउंड्रीवाल निर्माण, हीराजी का खेडा में श्मशान घाट पर बाउड्रीवाल निर्माण, लक्ष्मीपुरा एवं श्रीपुरा में शमशान घाट निर्माण, निम्बोदा गांव में सीसी सड़क निर्माण, अजोता में पुलिया निर्माण कार्य का अनुमोदन किया है। कृपलानी ने बताया कि इसी प्रकार 5-5 लाख रुपये की लागत से बांगेड़ा घाटा ग्राम पंचायत क्षेत्र में मुख्य सड़क से गांव तक सीसी सड़क निर्माण कार्य, भील मोहल्ले में तलाई के पास चारदीवारी निर्माण, मनोहरखेड़ी सामुदायिक भवन निर्माण, सरसी ग्राम पंचायत क्षेत्र के पीलखेडी ग्राम में श्मशान घाट पर बाउंड्रीवाल निर्माण, कुए के रास्ते पर गिट्टी सड़क निमार्ण कार्य, महिला स्नान घर निमार्ण कार्य, स्नान घाट निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी निमार्ण कार्य तथा बड़ावली ग्राम पंचायत में नई आबादी में पानी की टंकी निर्माण कार्य, शमशान निर्माण कार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी निर्माण कार्य, राजपुतों के मोहल्ले में भोलीराम जी के बाडे के पास सीसी रोड निर्माण कार्य का अनुमोदन किया है।

घर के विवाद में बेटे ने पिता की हत्या की, भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शहर के भीमगंजमंडी इलाके में एक युवक ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। बाद में मामले को संदिग्ध मौत देने का प्रयास भी करता रहा। पुलिस को शक हुआ तो गोपनीय तरीके से जांच की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अमृता दुहन ने बताया कि 22 जुलाई को भीममंडी के रहने वाले छोटूलाल की अचानक मौत हो गई थी। जांच के दौरान मृतक छोटूलाल की लाश का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। जांच से मृतक छोटूलाल की मौत संदिग्ध होने से गोपनीय तौर पर पुलिस ने जांच की। इसी दौरान 26 जुलाई को छोटूलाल के छोटे बेटे राहुल ने रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें बताया कि उसके पिता और भाई सावन के बीच झगड़ा हुआ था। उसने उनके साथ मारपीट की थी। जिससे उनके सिर में व छाती पर व कान के पास चोट के निशान आ गये थे जिससे उनकी मौत हो गई है। हम लोग घबरा गए थे और मां ने भावुक होकर मारने की रिपोर्ट नहीं की थी। इस पर पुलिस ने राहुल की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच की। पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपी बेटे सावन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बेटे ने बताया कि आपसी झगड़ा होने के चलते उसने मारपीट की जिससे उसके पिता की मौत हो गई। छोटूलाल रेलवे पार्सल आफिस में काम करता था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

नाले में उफान के साथ बह कर आई लाश, स्थानीय निवासी शव देख चौंके

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शहर के प्रेमनगर इलाके में शनिवार को हुई बारिश के बाद प्रेमनगर सेकेंड के बीच से गुजर रहे नाले में पानी का बहाव बढ़ गया है। इसी नाले में पानी के बहाव के साथ एक लाश बहकर बस्ती के बीच आ गई। हालांकि, पानी के बहाव के साथ लाश बहकर आगे निकल गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार शनिवार को बारिश के बाद नाले में बहाव काफी तेज था। ऐसे में स्थानीय युवक प्रेम नगर सेकेंड इलाके में पुलिया पर खड़े होकर पानी के बहाव का वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान बहाव के साथ आगे से बहते हुए एक लाश आई। पानी का बहाव तेज था तो बहते हुए लाश यहां तक आ गई। यहां पाइपों में अटक गई लेकिन बहाव तेज होने के चलते वह वेग के साथ आगे बह गई। युवकों ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो रविवार को प्रेमनगर इलाके के सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल होने लगा।

दो ट्रेलरो को भिडंत, दो घायल एनएच 158 पर लगा जाम

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। बदनोर थाना क्षेत्र के नारमंगरा गांव के निकट हाइवे 158 पर दो ट्रेलरो की आमने सामने हुई जोरदार भिडंत दो युवक गंभीर घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने पर बदनोर पुलिस मौके पहुंची और ट्रॉले में फसे ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकल कर हॉस्पिटल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार सीमेंट से भरे ट्रॉले ड्राइवर भवर सिंह पिता खुशाल सिंह कों बदनोर से ब्यावर जिला मुख्यालय रेफर किया गया और खाली ट्रक ड्राइवर कों आसींद चिकित्सालय ले जाया गया। जहाँ उपचार जारी हैं, वही बदनोर थाना प्रभारी राज दीपेंद्र सिंह सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा एवं दोनों तरफ लगे लंबे जाम को खुलवा कर मार्ग को सुचारू करवाया गया।

बारिश की मनोकामनाओ को लेकर की घाँसभेरुजी की पूजा अर्चना

बढ़ता राजस्थान

अन्ता (नि.स.)। आज बारिश की मनोकामनाओ को लेकर अन्ता नगर के समस्त नगर वासियो ने घाँस भेरूजी की पूजा अर्चना की इस अवसर पर अन्ता नगर पालिका चेयरमेन रामेश्वर खण्डेलवाल, एल एल अध्यक्ष भवानीशंकर कुमावत,रघुनाथ गहलोत,रामेश्वर नागर,राधेश्याम सिंगोदिया,पार्षद धनराज चौरसिया, कुलदीप शाक्य,सन्तोष गालव परमान्द मालव,किशन यादव,परमानंद मालव,सुरेन्द कुमावत, गिरिराज चौरसिया,पत्रकार निरंजन बत्रा,ओमप्रकाश गुप्ता,श्यामबिहारी चौरसिया, सत्यनारायण सैनी, राधाकिशन मालव सहित सभी नगर वासी उपस्थित थे।

राशन डीलरों ने अपनी प्रमुख मानदेय की मांग को लेकर क्षेत्रिय विधायक को ज्ञापन दिया

बैठक आयोजित कर सहमति पत्र के साथ अपनी पोस मशीने तहसील अध्यक्ष को सौंपी

बढ़ता राजस्थान

डग (नि.स.)। राशन डीलर संघ के बैनर तले डग तहसील के समस्त राशन डीलरों की बैठक मां गायत्री मंदिर परिसर पर संपन्न हुई जिसमें डग तहसील के सभी राशन डीलरों ने भाग लिया। प्रदेश स्तरीय राशन डीलर संघर्ष समिति के निर्देश पर डग तहसील के राशन डीलरों ने अपनी पोस मशीने तहसील अध्यक्ष धूमसिंह परिहार को सहमति पत्र के साथ सौंप दी। बैठक में डीलरों ने निर्णय लिया कि जब तक सरकार हमें मानदेय के रूप में 30000 रुपए महीना ओर 2 प्रतिशत छीजत सहित सभी योजनाओं का पिछला बकाया कमीशन एक साथ नहीं दे देती वहां तक हम दुकाने बंद रखकर वितरण कार्य नहीं करेगे।

इसके पश्चात सभी राशन डीलर जोशीले नारे लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक के आवास पर पहुंचे ओर विधायक कालूराम मेघवाल को राशन डीलरों की मुख्य मानदेय की मांग 30000 रुपए महीना देने एवं 2 प्रतिशत छीजत देने का ज्ञापन दिया। जिस पर विधायक मेघवाल ने तुरंत खाद्य मंत्री सुमित गोदारा से दूरभाष पर चर्चा की जिसमें खाद्य मंत्री ने बताया कि राशन डीलरों को वास्तव में बहुत परेशानियां आ रही है उनकी परेशानियों को हल करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे है तथा जल्द ही राशन डीलरो को राहत पहुंचाने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। मौके पर सभी डीलरों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष धूमसिंह परिहार, जितेन्द्र पंवार, सूर्य प्रकाश शर्मा, भेरूलाल मेहरा, गोविंद सिंह, कमलसिंह, पूरसिंह, गौतम जैन, विक्रम बागरी, अमरदीप शर्मा, मोहनलाल लोधा, युसुफ खान, रणजीत सिंह, तूफान सिंह, सरदार सिंह, भेरू सिंह, गोपाल लाल, श्याम सिंह, चेतन, शैतान सिंह, गुमान सिंह, सुरत सिंह, शंकर सिंह, पवन सिंह प्रतिहार, राहुल राठौड़, रामकरण जायसवाल सहित डग तहसील के सभी राशन डीलर उपस्थित रहे।

अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत तीव्रता से निष्पादित हो रहे ट्रैक रिन्यूअल कार्य

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। पश्चिम मध्य रेल द्वारा मल्टी ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना कार्यों के अलावा अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत ट्रैक पर अन्य रिन्यूअल कार्य किये जाते हैं । इसी कड़ी में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में तथा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए ट्रैक अनुरक्षण क्षेत्र में तीव्रता से समस्त नवीनीकरण कार्यों को निष्पादित किया जा रहा है । ट्रैक नवीनीकरण के इन कार्यों में सी.टी.आर. (कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल), टी.आर.आर. (थ्रू रेल रिन्यूअल), टी.एस.आर (थ्रू स्लीपर रिन्यूअल), टी.टी.आर (थ्रू टर्न आउट रिन्यूअल), डीप स्क्रीनिंग इत्यादि कार्य शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि ट्रैक नवीनीकरण से संबद्ध उक्त समस्त कार्य संरक्षा से जुड़े हुए कार्य हैं एवं ट्रैफिक ब्लॉक लेकर ही इन कार्यों को निष्पादित किया जाता है, पमरे द्वारा संरक्षा से जुड़े इन समस्त कार्यों को तीव्रता के साथ निष्पादित किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप वित्तीय वर्ष के तीन माह में अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत 107.46 ट्रैक किलोमीटर रेल नवीनीकरण, 73.22 ट्रैक किलोमीटर स्लीपर नवीनीकरण, 153 यूनिट्स टर्नआउट नवीनीकरण इसके साथ साथ 129 यूनिट्स टर्न आउट एवं 181.23 ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिंग कार्य को निष्पादित किया गया। केवल जून माह में उक्त दर्शाए गए कार्यों क्रमशः 33.33 ट्रैक किलोमीटर रेल नवीनीकरण, 24.29 ट्रैक किलोमीटर स्लीपर नवीनीकरण, 42 यूनिट्स टर्नआउट नवीनीकरण इसके साथ साथ 43 यूनिट्स टर्न आउट एवं 56.89 ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिंग कार्य को निष्पादित किया गया।

पश्चिम मध्य रेल अपने निर्धारित लक्ष्यों की ओर अग्रसर एवं संरक्षा से जुड़े कार्यों के प्रति कृत संकल्पित है।

अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति ने रोपे 21 पौधे

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग की ओर से रविवार को गोपाल निवास बाग नयापुरा में एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। संभाग अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान अशोक, नीम, आम, पीपल समेत विभिन्न प्रजाति के 21 पौधे लगाए गए। महामंत्री गजानंद सिंघल ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा 151 पौधे लगाने का निर्णय लिया गया है। कुछ विद्यालयों में, कुछ मंदिरों पर और जहां पौधों की आवश्यकता है एवं उनकी हरियाली कम है। उन स्थानों पर यह 15 दिन अभियान चलाया जाएगा। आज मंदिर में पौधे की जिम्मेदारी वहां के पुजारी और समाज के लोग जो दर्शन करने आते हैं।

उनको देखभाल करने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, मनोज गुप्ता, रजनीश गर्ग, महिला अध्यक्ष कमला मित्तल, उमा सिंघल, भारती जैन, अंबिका गर्ग संस्था के गणमान्य व्यक्ति सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

भारत विकास परिषद के गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में 21 गुरु एवं 48 विद्यार्थी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया।जिसमे गुरु एवं विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। प्रवक्ता कैलाश गर्ग ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. राम सिंह चुण्डावत,भारत विकास परिषद अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच अध्यक्ष,कृष्णा देवी,अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी राजसमंद घनश्याम गौड़,परिषद के प्रांतीय समन्वयक प्रभुलाल टेलर,उपाध्यक्ष बादशाह सिंह आदि द्वारा माँ भारती व स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।परिषद सदस्यों द्वारा अतिथियों का मेवाडी पगड़ी, उपरना,शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। प्रभुलाल टेलर ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की।इस अवसर पर 21 गुरु एवं बोर्ड परीक्षा मे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 48 विद्यार्थियो को स्मृति चिन्ह,शॉल,उपरना एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।साथ ही भामाशाह राजेंद्र काबरा को सम्मानित किया गया।इस दौरान नवीन परिषद सदस्य आनंद कुमार दीक्षित,नरेंद्र जोशी को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर सोहनलाल उपाध्याय,सुल्तान सिंह कोठारी, बद्रीलाल विजयवर्गीय,सुरेश पलोड,अशोक गौड़,रमेशचंद्र विजयवर्गीय,राधे श्याम वैष्णव, रोशनलाल विजयवर्गीय,आशा जोशी, रोशनलाल सेठ,राकेश व्यास,राजेश विजयवर्गीय,सुरेश बापना, मांगीलाल बंजारा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम का संचालन राहुल जैन तथा आभार सचिव नन्दलाल बोहरा द्वारा व्यक्त किया गया।

कोटा में बारिश से प्राचीन मठ ढहा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शहर में हुई बारिश के कारण कैथूनीपोल में एक पुराना भवन अचानक देर रात को भराभरा कर गिर गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। शनिवार देर रात को यह घटना हुई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि केथूनीपोल पाटनपोल इलाके में एक पुराना भवन था। जो कि प्राचीन समय में मठ रहा है। वर्तमान में वह काफी जीर्ण शीर्ण हालत में हो गया था। शनिवार शहर में सुबह से बारिश का दौर था। देर रात को अचानक बारिश के चलते यह भवन भरभरा कर ढ़ह गया। देर रात को हादसा हुआ, ऐसे में गनीमत रही कि आस पास कोई नहीं था। मौके पर गाड़ियां खड़ी थी, जिसके चलते गाड़ियां मलबे में दब गई। यहां बाइके खड़ी हुई थी।

गंगधार पुलिस व प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही : सैकड़ो क्विंटल, अवैध मछली की जप्त, दो ट्रेक्टर, व एक पिकउप अवैध मछली से भरे किये जप्त

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (नि.स.)। झालावाड़ जिले के गंगधार तहसिल क्षेत्र के पारा पिपली गांव के समीप चंबल नदी व छोटी कालीसिंध नदी के संगम स्थल पर प्रशासन व पुलिस ने सँयुक्त कार्यवाही करते हुवे सेकड़ो क्विंटल करीबन 25 से30 टन अवैध मछली जप्त कर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है।मौके पर उपस्थित उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ,जानकारी देते हुए बताया कि अवैध मस्य आखेट की जानकारी मिलने पर औचक निरीक्षण के दौरान पारा पीपली गांव के समीप चंबल व छोटी काली सिंध नदी के सगंम पर दो ट्रॉली व एक पिकउप अवैध शिकार कर भरी हुई मिली व कई क्विंटल मछली नदी के तट पर पड़ी मिली जिस पर गंगधार पुलिस को सूचित कर मौके पर बुलाकर जप्ती की कार्यवाही की गई।वही बताया कि भारी मात्रा में मछलियों का प्रतिबंधित अवधि में शिकार कर असम के सिलीगुड़ी व बड़े शहरों में भेजा जाता है।ठेकेदार द्वारा ही मछलियों का शिकार किया जा रहा था गंगधार पुलिस थाना के ए एस आई मगन लाल ने बताया उपखंड अधिकारी की सूचना पर नदी के संगम पर मय जाप्ते के पहुचा तो दो ट्रेक्टर मे अवैध शिकार की हुई मछलियां मिली जिन्हें जप्त कर अवैध मत्स्य आखेट अधिनियम केअंतर्गत कार्यवाही की गई , राज्य सरकार 15 जून से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगाया हुवा है।इसके बावजूद

बताया जा रहा है की ठेकेदार नेपाल सिंह बंजारा द्वारा अवैध मछलियों का शिकार किया जा रहा था।जिनको जप्त कर थाने पर लाया गया।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

सीएम शर्मा को जान से मारने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा को छह महीने के भीतर दूसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। शनिवार (27 जुलाई) को दौसा जिले के पापड़दा कस्बे के पास स्थित विशिष्ट केंद्रीय कारागृह में बंद कैदी ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं इस मामले की सूचना मिलने के बाद पूरे प्रदेश के सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है। साथ ही जिस नंबर से सीएम को धमकी मिली उसे ट्रेस करने में जुट गई। जिसमें एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

धमकी देने वाला युवक पिछले तीन महीने से श्यालावास की सेंट्रल जेल में बंद है। वहीं जब उक्त आरोपी के बारे में दौसा पुलिस को जानकारी मिली तो एडिशनल एसपी लोकेश सोनवाल सहित जिले के कई अधिकारी श्यालावास सेंट्रल जेल पहुंचे। जहां सर्च ऑपरेशन के दौरान 10 मोबाइल जब्त किए गए है। बता दें कि इससे पहले जनवरी महीने में भी सीएम भजनलाल को जान से मारने की धमकी मिली थी।

धमकी देने वाला रेप का आरोपी-जांच के बाद सामने आया है कि जिस कैदी ने जान से मारने की धमकी दी ही वह रेप का आरोपी है और दौसा स्थित श्यालावास सेंट्रल जेल में बंद है। कैदी का नाम नीमो है,जो दार्जलिंग का है। जिसके पास से मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी नीमो रेप के एक मामले में जयपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा था। जिसे करीब तीन महीने पहले ही जिले की श्यालालास में स्थित सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। बता दें कि, जिले की श्यालावास जेल में प्रदेश के की मोस्टवांटेड अपराधी बंद है। जिसमें सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में शूटर नितिन फौजी, आनंदपाल का भाई रूपेंद्र पाल सहित कई कुख्यात अपराधी इस जेल में हैं। ऐसे में पुलिस मामले की हर एंगल से जांच में जुट गई है।

जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम के पास फोन आया

कॉलर ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया। जैसे ही यह जानकारी सामने आई प्रशासन अलर्ट हो गई और अज्ञात मोबाइल नंबर की जांच शुरू कर की। ऐसे में जानकारी में सामने आया कि अज्ञात नंबर दौसा जिले के श्यालावास में स्थित सेंट्रल जेल से ऑपरेट हो रहा है। इसके बाद उच्चाधिकारियों ने मामले की सूचना दौसा पुलिस को दी। इधर, सीएम को धमकी मिलने की जानकारी जैसे ही सीएम सिक्योरिटी को मिली वो तुरंत अलर्ट हो गए।

अखिलेश ने 81 साल के माता प्रसाद पांडेय को बनाया नेता प्रतिपक्ष; केशव बोले-दलितों को धोखा दिया

बढ़ता राजस्थान

उत्तर प्रदेश। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाया है। यूपी में विधानसभा सत्र शुरू होने के ठीक 19 घंटे पहले अखिलेश ने सबको चौंका दिया। अखिलेश ने पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के बाद अब ब्राह्मण कार्ड चला है। 81 साल के माता प्रसाद पांडेय विधानसभा में सत्ता पक्ष का मुकाबला करेंगे। वह सिद्धार्थनगर की इटवा सीट से विधायक हैं। 7 बार विधायक रह चुके हैं। दो बार विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। अखिलेश के कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पिछड़ों-दलितों को धोखा दिया है। सपा के पीडीए का मतलब बहुत बड़ा धोखा है। भाजपा 2027 में 2017 की विजय दोहराएगी। अखिलेश ने अमरोहा सीट से विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, मुरादाबाद की कांठ सीट से विधायक कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और प्रतापगढ़ से विधायक राकेश कुमार उर्फ आरके वर्मा को विधानसभा का उप-सचेतक बनाया है।

माता प्रसाद को क्यों बनाया गया नेता प्रतिपक्ष

माता प्रसाद सपा के सबसे सीनियर लीडर हैं। शिवपाल के नाम पर अखिलेश सहमत नहीं थे। ऐसे में माता प्रसाद वह नाम है, जिनका पार्टी के कैडर में कोई विरोध नहीं है। माता प्रसाद 7 बार विधायक रह चुके हैं। मुलायम और अखिलेश सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में वह सीएम योगी और भाजपा के 255 विधायकों का मुकाबला कर सकते हैं। शिवपाल खुद नेता प्रतिपक्ष बनना चाहते थे। ऐसे में किसी और नेता को बनाया जाता तो वह शिवपाल के कद के आगे कमजोर पड़ सकता था। माता प्रसाद शिवपाल के भी करीबी रहे हैं।

राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ से बाइडन का बाहर निकलना 'तख्तापलट' था: ट्रंप

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि जो बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने के लिए मजबूर किया गया तथा इसे डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा किया गया ''तख्तापलट'' करार दिया।

पूर्व राष्ट्रपति ने शनिवार को मिनेसोटा में एक चुनावी रैली में कहा, ''यह वास्तव में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं द्वारा किया गया तख्तापलट था। यह एक ऐसे व्यक्ति का तख्तापलट था जिसके पास एक करोड़ 40 लाख वोट थे। वह (बाइडन) चुनाव लड़ना चाहते थे। उन्होंने (डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने) उन्हें (बाइडन को) चुनाव नहीं लड़ने दिया। उन्होंने उनके साथ बहुत बुरा व्यवहार किया। ट्रंप ने दावा किया किडेमोक्रेटिक पार्टी ने बाइडन से कहा कि वह यह काम अच्छे तरीके से कर सकते हैं या फिर उन्हें सख्ती करनी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि यह राष्ट्रपति के खिलाफ तख्तापलट था। ट्रंप (78) ने आरोप लगाया कि डेमोक्रेटिक पार्टीने बाइडन को 25वें संशोधन से धमकाया।''

चाईना में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत, छह अन्य घायल

नई दिल्ली। चीन के हुनान में रविवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से एक मकान ढह गया, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपातकालीन कमान केंद्र ने बताया कि भूस्खलन हेंगयांग शहर के यूलिन गांव में सुबह करीब आठ बजे हुआ। उसने बताया कि भूस्खलन होने से मकान का एक हिस्सा ढह गया, जिससे 18 लोग दब गए। बचावकर्मियों ने 12 शव बरामद किये हैं जबकि छह व्यक्ति घायल हैं। बताया जा रहा है कि भूस्खलन पहाड़ पर अचानक आयी बाढ़ की वजह से हुआ। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ में प्रकाशित खबर में बताया गया कि घटनास्थल पर राहत एवं बचाव अभियान के लिए 240 से अधिक कर्मी भेजे गए हैं।

पीएम की मन की बात

मोदी बोले- 15 अगस्त को स्पीच दूंगा, टॉपिक पर सुझाव भेजें; आजादी के पर्व पर हैंडलूम के कपड़े जरूर खरीदें

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। बजट के बाद रविवार को पहली बार मन की बात कार्यक्रम का 112वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने पेरिस ओलिंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, असम मोइदम, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस पर बात की। साथ ही उन्होंने हैंडलूम पर भी चर्चा की। हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जाता है। पीएम ने कहा- आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें। साथ ही प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त की स्पीच में शामिल विषयों पर सुझाव मांगे।

टाइगर डे पर बोले- राजस्थान में संरक्षण के लिए कई अभियान

पीएम ने बाघों के संरक्षण पर भी बात की। पीएम ने कहा- कल दुनिया भर में टाइगर डे मनाया जाएगा। भारत में बाघ हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। हमने किस्से-कहानियां सुनी हैं। जंगल के आसपास के लोग बाघ के साथ रहते हैं। बाघों के संरक्षण के अभूतपूर्व प्रयास हो रहा है। राजस्थान में कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान काफी काम कर रहा है। स्थानीय लोगों ने शपथ ली है कि कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे, कोई पेड़ नहीं काटेंगे। इससे बाघों के लिए वातावरण तैयार हो रहा है। दुनिया के करीब 70% बाघ

मोदी बोले- 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा अभियान तेजी से बढ़ रहा

पीएम ने कहा- 15 अगस्त आने वाला है। हर घर तिरंगा अभियान इससे जुड़ा है। पिछले कुछ सालों से इस अभियान से अमीर-गरीब सब जुड़े हैं। लोग तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट कर रहे हैं। इसमें अब तरह-तरह के इनोवेशन होने लगे हैं। अब कार, दफ्तर में तिरंगे लगाए जाते हैं। पहले की तरह इस साल भी आप हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंग के साथ सेल्फी अपलोड करें। आप इस साल भी मुझे अपने सुझाव भेजिए।

- **मैथ्स ओलंपियाड विजेताओं से बात की, भारत ने 4 गोल्ड जीते**

  मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड विजेताओं से बात की। इस साल इंग्लैंड के बाथ में 65वें इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड का आयोजन किया गया था। इसमें भारत के 6 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। भारत ने इस ओलंपियाड में 4 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चार स्टूडेंट से बात की।

- **असम मोइदम का जिक्र किया, यह यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल**

  असम मोइदम में अहोम राजवंश के टीले वाले कब्रस्तान को 26 जुलाई को यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल कर लिया गया। कल्चरल कैटेगरी में शुमार मोइदम भारत की 43वीं हैरिटेज साइट है। मोइदम, अहोम राजाओं, रानियों और रईसों की कब्रें हैं। मोदी ने कहा- आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिर ये क्या है। इसका नाम है पहाड़ी पर एक चमकता शहर। यह अहोम साम्राज्य का है। हेरिटेज साइट बनने के बाद यहां और अधिक पर्यटक आएंगे। भविष्य में आप भी यहां जरूर आएं। अपनी संस्कृति पर गौरव करते ही कोई देश आगे बढ़ सकता है।

- **11 विदेशी भाषाओं में भी होता है मन की बात का ब्रॉडकॉस्ट**

  मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी ब्रॉडकॉस्ट किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात की ब्रॉडकास्टिंग आकाशवाणी के 500 से अधिक ब्रॉडकास्टिंग सेंटर द्वारा किया जाता है। मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था। पहले एपिसोड की टाइम लिमिट 14 मिनट थी। जून 2015 में इसे बढ़ाकर 30 मिनट कर दिया गया था। 30 अप्रैल 2023 को मन की बात का 100वां एपिसोड प्रसारित किया गया था। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 23 भाषाओं और 29 बोलियों में होता है। फ्रेंच, पश्तो, चाइनीज समेत इसका ब्रॉडकास्ट 11 विदेशी भाषाओं में भी किया जाता है।

- **पीएम बोले- खादी पर गर्व करें, इसका कारोबार 400 प्रतिशत तक बढ़ा**

  हैंडलूम को लेकर दुनिया आकर्षित हो रही है। कई कंपनियां तो एआई के माध्यम से इसे प्रमोट कर रही है। हैंडलूम की बात हो और खादी की चर्चा न हो, ये संभव नहीं है। खादी का कारोबार 400 प्रतिशत तक बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ रुपए का हो गया है। आपके पास बहुत सारे कपड़े होंगे। आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें।

मुख्यमंत्री परिषद की बैठक संपन्न

पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने पर फोकस; पीएम मोदी ने दिया सफलता का मंत्र

बढ़ताा राजस्थान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री परिषद को संबोधित किया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय मुख्यमंत्री परिषद की बैठक रविवार को संपन्न हो गई है। इसमें भाजपा शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उपमुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें जन कल्याण के लिए समन्वित प्रयासों के साथ काम करें तो सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगी।

पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पर फोकस

पीएम मोदी ने कहा कि विरासत का संरक्षण और विकास की विरासत का निर्माण विकसित भारत की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है। सभी को इस ओर ध्यान देते रहना चाहिए। पीएम ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों, विकास कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाने और लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने पर चर्चा की।

बैठक से मिलती हैं तीन उपलब्धियां

बैठक के पहले दिन यानी शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि इन बैठकों के माध्यम से हमें तीन विशिष्ट उपलब्धियां मिलती हैं। सबसे पहले हमें अपने सफल प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं के विशाल अनुभव का लाभ मिलता है। दूसरा हमें अपने अनुभवों का आदान-प्रदान करने और कुछ नई जानकारी व नए आकलन प्राप्त करने का मौका मिलता है। तीसरा यह कि कुछ बेहतर करने की हमारी इच्छा मजबूत होती है।

इन योजनाओं का हुआ जिक्र

बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति को लागू करने में राज्य सरकारों की भूमिका पर चर्चा की। कई राज्यों की चुनिंदा योजनाओं का भी जिक्र किया गया। उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सचिवालय योजना, असम सरकार द्वारा सरकारी रिक्तियों पर शीघ्र भर्ती के लिए चलाया गया विशेष अभियान, गुजरात द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास, त्रिपुरा का %अमर सरकार% कार्यक्रम और बिहार सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के प्रयास का उल्लेख किया गया। महाराष्ट्र और हरियाणा की कुछ विशेष परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

दिल्ली की आईएएस कोचिंग में 3 स्टूडेंट की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार शाम को हुई बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। जलभराव के कारण 3 स्टूडेंट की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शाम 7 बजे सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ को बुलाया गया। देर रात 3 स्टूडेंट के शव और 14 छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। शनिवार रात को बिल्डिंग में पावर कट के कारण बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी का बायोमेट्रिक गेट जाम हो गया। स्टूडेंट अंधेरे में लाइब्रेरी के अंदर फंस गए। गेट बंद होने के कारण पानी शुरुआत में बेसमेंट में नहीं घुसा था, लेकिन कुछ मिनट बाद ही पानी का प्रेशर तेज हुआ और गेट टूट गया। गेट टूटने के बाद पानी तेजी से बेसमेंट में भरने लगा। चश्मदीद ने बताया कि बहाव इतना तेज था कि सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल हो रहा था। कुछ सेकेंड में ही घुटनों तक पानी भर गया। ऐसे में स्टूडेंट बेंच पर खड़े हो गए।

महज 2-3 मिनट में ही पूरे बेसमेंट में 10-12 फीट पानी भर गया। बाद में बच्चों को बचाने के लिए रस्सियां फेंकी गईं, लेकिन पानी गंदा था, इसलिए रस्सी दिखाई नहीं दी। कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

राजस्थान में 16 जिलों में बारिश का अलर्ट

भारी बरसात के कारण 2 डैम के 7 गेट खोले; अब भी सामान्य से कम बरसात

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। बंगाल की खाड़ी में बने नए लो-प्रेशर सिस्टम के बाद से राजस्थान में मानसून सक्रिय हो गया। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने अगले चार-पांच दिन राजस्थान में मानसून के सक्रिय रहने और उदयपुर, कोटा, अजमेर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना जताई है।

आज भी 16 जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। पाली में रविवार सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। वहीं, मध्य प्रदेश में हो रही तेज बारिश से कालीसिंध और चंबल का जलस्तर बढ़ गया। कोटा बैराज के 6 गेट और कालीसिंध बांध का एक गेट खोलकर पानी की निकासी की गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान कोटा के कानावास में 88 एमएम, चेचट में 78, रामगंजमंडी में 52, झालावाड़ के पचपहाड़ में 92, डग में 75, पिरावा में 56, दौसा के लालसोट में 48, बूंदी में 40, बारां के अंता में 44, भीलवाड़ा शहर में 44, कोटड़ी में 42, सवाई माधोपुर में 45 एमएम बारिश हुई। इसके अलावा

अलवर, जयपुर, चूरू, हनुमानगढ़, चितौड़गढ़, चूरू, नागौर, प्रतापगढ़ समेत कई जिलों में एक इंच तक बरसात हुई। प्रदेश में मानसून सीजन में अब तक 190.7 एमएम औसत बारिश हो चुकी है। लेकिन ये अब भी सामान्य बारिश 194.3 एमएम से 2 फीसदी कम है।

बांध से पानी छोड़ा जा रहा

कोटा में तेज बारिश होने और मध्य प्रदेश से पानी आने के बाद चंबल नदी का जलस्तर बढ़ गया।

इसे देखते हुए प्रशासन ने कोटा में बैराज बांध के 6 गेट सात-सात फीट खोलकर 50 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी की निकासी की गई। इधर झालावाड़ स्थित कालीसिंध नदी में भी लगातार पानी की आवक होने इस नदी पर बने कालीसिंध बांध का एक गेट लगातार दूसरे दिन भी खुला रहा। इस बांध से भी पानी की निकासी 819 क्यूसेक से बढ़ाकर 2739 क्यूसेक कर दी गई।

गंगानगर में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार

दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बारिश होने से गर्मी और उमस भले ही कम हो गई हो, लेकिन पश्चिमी राजस्थान में अब भी गर्मी तेज है। शनिवार को बीकानेर में दिन का अधिकतम तापमान 40 .5 और फलोदी में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में 39 .7, गंगानगर में 41 .6, बाड़मेर में 38 .8 और चूरू-पिलानी में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

अगले एक सप्ताह एक्टिव रहेगा मानसून

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर सिस्टम पश्चिम बंगाल और उड़ीसा क्षेत्र के ऊपर आ गया है। मानसून ट्रफ लाइन आज भी सामान्य स्थिति में है। इस कारण राजस्थान में अगले एक सप्ताह तक मानसून सक्रिय रहेगा। इसका विशेष प्रभाव पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में देखने को मिलेगा। कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग में तो अगले एक-दो दिन में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।